WWW.NAVPRADESH.COM
RNI NO.CHHHIN/2012/41806
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर, बुधवार, 15 जनवरी 2025, कृष्ण पक्ष-द्वितीय, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 323 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

आस्था का प्रचंड समागम
अमृत स्नान का अद्भुत नजारा...

पहले नागा साधुओं ने लगाई डुबकी

महाकुंभ नगर। पौष पूर्णिमा पर शुरू हुए महाकुंभ 2025 में पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) चल रहा है। मकर संक्रांति के पर्व पर कई अखाड़ों के नागा साधुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगा ली है, महाकुंभ के अमृत स्नान में सबसे पहले महानिर्वाणी के नागा साधुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। संगम तट पर अमृत स्नान का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। हर-हर महादेव, जय श्रीराम के जयघोष करते हुए श्रद्धालु भी आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। स्नान क्षेत्र की ओर जाने वाले अखाड़ा मार्ग पर कड़ी सुरक्षा है। पुलिस, पीएसी, अखाड़ों के साथ घुड़सवार पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के संतों एवं नागाओं के स्नान का समय तय है। सबसे पहले महानिर्वाणी एवं अटल अखाड़े के संतों ने स्नान किया। शिविर से इस अखाड़े के संतों ने सुबह करीब सवा पांच बजे प्रस्थान किया। संगम पर सवा छह बजे पहुंचे। करीब 40 मिनट तक अमृत स्नान किया। इनके बाद निरंजनी एवं आनंद अखाड़ा के संतों ने 7.05 बजे स्नान किया। इसी क्रम में जूना, आवाहन एवं पंच अग्नि अखाड़ा के संतों ने एक साथ सुबह आठ बजे स्नान किया।

स्वामी ज्ञान पुरी ने किया अमृत स्नानः मकर संक्रांति पर अमृत स्नान करने के बाद महानिर्वाण अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान पुरी ने कहा कि यहां बहुत भीड़ है, लेकिन सब कुछ जिस तरह से प्रवाहित होता है, वह अद्भुत है। हर कोई पवित्र स्नान के लिए जगह ढूंढ़ लेता है। मुझे लगता है कि यह सब यहीं देखना संभव है।

संगम के तट में 3.50 करोड ने किया स्नान : दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम में महाकुंभ के मकर संक्रांति अमृत स्नान पर संगम के तट पर मानों आस्था का सैलाब उमड पड़ा है। दो दिनों में करोड़ श्रद्धालुओं ने कडाके की ठंड और शीतलहर के बीच आस्था की डुबकी लगाई। हाड कंपा देने ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने मौसम वैज्ञानिकों को दी सलाह

मिशन मौसम का शुभारंभ और विजन-2047' दस्तावेज जारी

नयी दिल्ली (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर मिशन मौसम का शुभारंभ और मौसम विभाग विजन-20470 दस्तावेज जारी किया।

मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग के 150 वर्ष न केवल मौसम विभाग की यात्रा को, बल्कि भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की गौरवशाली यात्रा को भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने इन डेढ़ शताब्दियों में लाखों भारतीयों की सेवा की है और यह भारत की वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। विभाग की उपलब्धियों के बारे

में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में विभाग के भविष्य को रेखांकित करने वाला एक विजऩ दस्तावेज़ जारी किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाग ने अपनी 150 साल की यात्रा के हिस्से के रूप में युवाओं को जोडऩे के लिए राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि इसमें हजारों छात्रों ने भाग लिया, जिससे मौसम विज्ञान में उनकी रुचि और बढ़ेगी।

मोदी ने कहा, आईएमडी की स्थापना 15 जनवरी 1875 को मकर संक्रांति के बहुत करीब की गई थी। हम सभी भारत की परंपरा में मकर संक्रांति के महत्व को जानते हैं। उन्होंने कहा कि किसी देश के वैज्ञानिक संस्थानों की प्रगति, विज्ञान के प्रति उसकी जागरूकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थानों में शोध और नवाचार नए भारत के स्वभाव का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में विभाग के बुनियादी ढांचे और ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

विश्व में भारत को लेकर भरोसा भी बढ़ा

उन्होंने कहा कि हमारी मौसम संबंधी प्रगति के साथ हमारी आपदा प्रबंधन क्षमता का निर्माण हुआ है। इसका फायदा पूरी दुनिया को मिल रहा है। आज हमारा फ्लैश फ्लड गाइडेंस सिस्टम नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका को भी मदद दे रहा है। हमारे पड़ोस में कहीं कोई आपदा आती है, तो भारत सबसे पहले मदद के लिए उपस्थित होता है। इससे विश्व में भारत को लेकर भरोसा भी बढ़ा है। दुनिया में विश्व बंधु के रूप में भारत की छवि और भी मजबूत हुई है।

डोडा, सांबा और कठुआ में हाई अलर्ट

- **गणतंत्र दिवस पर हमले की साजिश**
- **पिछले वर्ष हुआ था आतंकी हमला**

जम्मू(ए.)। आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर तीन जिलों में हाईअलर्ट

जारी किया है। तीनों जिलों की हदें एकसाथ जुड़ती हैं। इन जिलों में पिछले वर्ष आतंकी हमले भी हो चुके हैं। ऐसा सूचना है कि आतंकी कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में आतंकी हमला कर सकते हैं। पिछले दिनों डोडा के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के दो समूहों को देखा भी गया। हालांकि एजेंसियां ये पता नहीं लगा पा रहीं कि ये आतंकी पुराने हैं या फिर नया समूह है। पिछले साल डोडा में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हुए थे। जबकि चार आतंकी मारे गए। लेकिन बीच-बीच में आतंकियों की मौजूदगी देखी जा रही है। डोडा, किश्तवाड़, कठुआ और हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए जिले में सक्रिय आतंकवादियों की सही संख्या का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रहीं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता का कहना है कि पुलिस ने राष्ट्र विरोधी ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री का ऐलान : पत्रकार मुकेश चंद्राकर के नाम से पत्रकार भवन का होगा निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले के दौर पर रवाना होने से पहले ऐलान किया कि दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को छत्तीसगढ़ सरकार 10 लाख रुपए की सहायता देगी। इसके साथ मुकेश चंद्राकर के नाम से पत्रकार भवन का निर्माण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को बलरामपुर जिले में तातापानी संक्रांति परब का शुभारंभ करेंगे। बलरामपुर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करने कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि कांग्रेस आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। कोर्ट के आदेशानुसार ही हमने आरक्षण लाए हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिल। अगर विधानसभा में विधेयक पारित नहीं होता तो आरक्षण नहीं मिलता।

कांग्रेस का आरक्षण विरोध इतिहास

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में कुल 33 जिले है, जिनमें से 16 अधिसूचित क्षेत्र में आते हैं। अधिसूचित क्षेत्र के सभी अध्यक्ष के पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगे. वहीं 33 में से 4 ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

भय, भ्रम और भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीति करती है कांग्रेस : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश । नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने उप मुख्यमंत्री समेत दो मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता कर जबाव दिया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस तीन चीजों पर-भय, भ्रम और भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीति करती है। कांग्रेस ओबीसी के बीच राजनीति कर रही है। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर मंत्री टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी रही है। राज्य में संविधान के मुताबिक सभी को आरक्षण दिया जा रहा है। भाजपा सरकार ने कानून सम्मत नियमों का पालन किया है। ओबीसी वर्ग को भाजपा पर्याप्त से ज्यादा सम्मान ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

छग ही एक ऐसा राज्य, जहां भांजे को माना जाता है भगवान का स्वरूप : सीएम साय

- **300 बेटियों के हाथ हुए पीले, मुख्यमंत्री ने नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद**

बलरामपुर/नवप्रदेश । प्रभु श्रीराम छत्तीसगढ़ के कण-कण में बसे हुए हैं, जन-जन में बसे हुए हैं। भगवान श्रीराम हमारे भांचा राम हैं। पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जहां भांजे को भगवान स्वरूप में पूजते हैं, उनका चरण पखारते हैं। उन्हें दंडवत होकर प्रणाम करते हैं। हमारी सरकार की श्रीराम लला दर्शन योजना से राज्य के 20 हजार से अधिक लोग अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उक्त बाते कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम लोग तातापानी संक्रांति परब में हर साल यहां आते हैं। पिछले साल जब हम लोग यहां आए थे, तब इस पावन स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। परिणाम आप सबके सामने ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

डॉक्टर फारूक अब्दुल्ला और कंपाउंडर उमर अब्दुल्ला को देर से ही सही लेकिन यह बात समझ में आ गई कि जम्मू कश्मीर की लाइलाज बीमारी का उपचार उनके वश की बात नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कश्मीर दौरे के दौरान दोनों बाप बेटे के सुर बदल गये। दोनों ने ही पीएम मोदी की शान में कसीदे पढऩे में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। वे जल्द से जल्द जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना चाहते हैं। केन्द्र सरकार को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए फिलहाल तेल देखना चाहिए और तेल की धार देखनी चाहिए।

गरमा-गरम

भर्ती घोटाला... वन विभाग के टेंडर का काम चल रहा हैदराबाद से

अधिकारी भी हैदराबादी, और खेल फरूखाबादी

- **वन विभाग में 1628 पदों की भर्ती में गड़बड़ी : सवालों के घेरे में विभागीय प्रमुख**
- **भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने वाली हैदराबाद की ठेका कंपनी पर गंभीर आरोप**

रायपुर/हैदराबाद। छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु विभाग में फॉरेस्ट गार्ड और ड्राइवरों की भर्ती में बड़ा घोटाला सामने आया है। कुल 1628 पदों की इस भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली की बात उजागर हुई है। बताया जा रहा है कि विभागीय प्रमुख, 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी श्रीनिवास राव, इस घोटाले के मुख्य सूत्रधार हैं। डिजिटल प्रणाली के जरिए पारदर्शी भर्ती का दावा करने वाली सरकार की मंशा पर इस घटनाक्रम ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

डिजिटल प्रणाली को आखिरी समय में किया ऑफ लाइन करने के लिए डिजिटल माप-जोख और शारीरिक दक्षता परीक्षण की गाइड लाइन जारी की थी। इसके लिए हैदराबाद की कंपनी 'टाइमिंग टेक्नोलॉजीज इंडियन प्राइवेट लिमिटेड0 को करोड़ों का ठेका दिया गया था। लेकिन भर्ती के दौरान

डिजिटल उपकरण समय पर नहीं लगाए गए। परिणामस्वरूप, अधिकारियों ने पुराने तरीकों से माप-जोख और शारीरिक दक्षता परीक्षण कर खानापूर्ति कर दी।

साठगांठ और गड़बड़ी के आरोपः सूत्रों के अनुसार, विभागीय प्रमुख श्रीनिवास राव और ठेका कंपनी के बीच गहरी साठगांठ थी। नियमों के विपरीत, इस कंपनी को ऊंची दरों पर ठेका दिया गया, जबकि कंपनी की कार्य प्रणाली पहले से सवालों के घेरे में थी। भर्ती के दौरान अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं हुआ और हजारों उम्मीदवारों के सपनों पर पानी फिर गया।

कोरिया सहित कई जिलों से भर्ती प्रक्रिया की शिकायत : कोरिया जिले में वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया में भी धांधली के आरोप लगाए गए हैं. कोरिया वनमंडल में 35, मनेंद्रगढ़ वनमंडल में 37 और टाइगर रिजर्व में 26 वनरक्षकों की भर्ती होनी है। मामले में वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों ने नोडल ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

परिजन को फायदा पहुंचाने का आरोप

कोरिया, मनेंद्रगढ़ वनमंडल और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में वनरक्षकों के रिक्त 98 पदों पर भर्ती करने हैदराबाद की कंपनी को ठेका दिया गया था। जिसने शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए कोरिया जिले के चरचा के महाजन स्टेडियम में अत्याधुनिक मशीनरी लगाकर हाइटेक तरीके से कराई थी। इसमें 12 हजार अभ्यर्थियों में से करीब आधे ही शामिल हुए थे। कोरिया जिले में वनरक्षकों ने भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगा डेढ़ दर्जन अभ्यर्थियों ने डीएफओ बैकुंठपुर को हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा है। मामले में कोरिया डीएफओ प्रभाकर खलखो ने बताया कि जिन लोगों की शिकायत मिली है सभी लोगों का निरस्त कर दिया गया है। जिस तरह से शिकायत में अंक बढ़ाने की बात सामने है. लेकिन अंक नहीं बढ़ाया गया है क्योंकि जिन लोगों की शिकायत मिली है। क्योंकि वे इवेंट में न्यूनतम अंक नहीं लाए हैं।

- अगले अंक में पार्ट-2

नृत्य, नगाड़े और शस्त्र कौशल.. आकर्षण का केंद्र बने नागा साधु...

प्रयागराज/(ए)। नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 शृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। दीक्षा की वेशभूषा दिगंबर स्वरूप में ही नागा साधुओं ने अमृत स्नान से पहले तन-मन को 21 शृंगार से सजाया। नागा साधुओं ने आदियोगी शिव के स्वरूप में खुद को सजाया।

महाकुंभ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े।

किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान

त्रिवेणी के तट पर महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया। महासंक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की। किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े।

न्यूज गैलरी

शरद पवार ने भी दिए अकेले चुनाव लड़ने के संकेत

मुंबई। महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय चुनाव से पहले महा विकास अघाड़ी गठबंधन टूट की कगार पर पहुंचता दिख रहा है। दरअसल हाल ही में शिवसेना यूबीटी ने स्थानीय चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया था। अब एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार ने भी ऐसे संकेत दिए हैं कि उनकी पार्टी भी स्थानीय चुनाव अकेले लड़ सकती है। शरद पवार ने कहा कि अगले 8-10 दिनों में बैठक होगी, जिसमें इस पर फैसला होगा कि चुनाव गठबंधन में लड़ा जाए या फिर अकेले। शरद पवार से जब इंडी गठबंधन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'इंडी गठबंधन में कभी भी राज्य और स्थानीय चुनाव को लेकर चर्चा नहीं हुई। इंडी गठबंधन सिर्फ राष्ट्रीय स्तर के चुनाव के लिए था। महाराष्ट्र के आगामी निकाय चुनाव में हम गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे या अकेले, इसका फैसला करने के लिए अगले 8-10 दिनों में बैठक होगी।'

नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में 44 गिरफ्तार

तिरुवनन्तपुरम। केरल में दलित महिला एथलीट से किशोरावस्था में कई बार दुष्कर्म किए जाने के सनसनीखेज मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेष जांच दल ने इस मामले में अब तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, 18 वर्षीय पीड़िता ने बताया था कि पिछले पांच साल में 62 लोगों ने उसका यौन शोषण किया था। उसकी आपबीती सामने आने पर पथानामथिट्टा जिले के दो थानों में कई एफआईआर दर्ज की गई थी।

वैश्विक नेता बनने के भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग

पीएम मोदी देश को समर्पित करेंगे तीन युद्धपोत अत्याधुनिक हथियार और सेंसर पैकेज से लैस होंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र दौरे पर देश को तीन नए युद्धपोत समर्पित करेंगे। पीएमओ के मुताबिक, तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया जाना रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने के भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। साथ ही प्रधानमंत्री नवी मुंबई में इस्कॉन की परियोजना के अंतर्गत श्रीश्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे। नौ एकड़ में फैली इस परियोजना में कई देवताओं के विग्रह के साथ एक मंदिर, एक वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय, सभागार और उपचार केंद्र शामिल हैं।

समुद्र में लंबे समय तक रह सकता है आईएनएस नीलगिरी

आईएनएस नीलगिरी 17ए स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने व स्टील्थयुक्त उन्नत सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है। यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है।

फ्रांसीसी नौसेना के सहयोग से वाघशीर का निर्माण

आईएनएस वाघशीर पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है।

दुनिया के विध्वंसक जहाजों में शुमार आईएनएस सूरत

आईएनएस सूरत 15बी श्रेणी के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक जहाजों में शुमार है। इसमें 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री है, जो अत्याधुनिक हथियार, सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है।

शांतिकुंज ने 1280 जरूरतमंदों में बाटें कंबल

हरिद्वार/नवप्रदेश। उत्तर भारत में इन दिनों पड़ रही कड़ी ठंड से साधुओं और खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इन परिस्थितियों में शांतिकुंज अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलदीदी के निर्देश पर व्यवस्थापक श्री योगेन्द्र गिरी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन टीम ने रात के अंधेरे में सर्वानंद घाट, शिव की पौडी, पावन धाम, खड़खड़ी आदि स्थानों में 1280 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। यह कंबल विशेष रूप से उन लोगों को दिए गए, जो गंगा तट, पेड़ों और शांतिकुंज फ्लाई ओवर के नीचे रात बिता रहे थे। इनमें से अधिकांश लोग साधु और अन्य जरूरतमंद, जिन्हें ठंड से बचाव के लिए इस राहत सामग्री की आवश्यकता थी। उन्हें ठंड से राहत दिलाने में कारगर साबित हुआ है। शांतिकुंज के इस मानवता भरी पहल के लिए अनेक लोगों ने आभार व्यक्त किया। बता दें कि शांतिकुंज परिवार विगत कई दशकों से प्रत्येक वर्ष हरिद्वार के साधुओं व जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल बाँटते हैं। शांतिकुंज का यह कार्य समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और दयालुता को दर्शाता है। शांतिकुंज अधिष्ठात्री स्नेहसलिला श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि गायत्री परिवार अपने आराध्य पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी द्वारा बताये गये सूत्र-पीड़ित मानवता की निःस्वार्थ भाव से की गयी सेवा-सहयोग ईश्वर आराधना समान है। इसमें अपनी क्षमतानुसार सेवा कार्य करते रहना चाहिए। शांतिकुंज इस दिशा में अपनी स्थापना काल से ही जरूरतमंदों की सेवा-सुश्रुषा करता आ रहा है।

पूरी दुनिया घूमने के लिए समय, पर मणिपुर जाना जरूरी नहीं समझ रहे: कांग्रेस

नई दिल्ली। हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस ने एक बार फिर तीखा हमला बोला। सबसे पुरानी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि पीएम के पास पूरी दुनिया घूमने के लिए समय और इच्छाशक्ति है, मगर पूर्वोत्तर राज्य में परेशान लोगों के पास जाना जरूरी नहीं समझ रहे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर पीएम पर हमला

कांग्रेस ने यह टिप्पणी मणिपुर में शुरू हुई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर की। बता दें, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालने के लिए पिछले साल 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। यह रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में समाप्त हुई थी।

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'आज से ठीक एक साल पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई भारत जोड़ो यात्रा का अनुसरण करते हुए 15 राज्यों से गुजरी थी और 6,600 किलोमीटर की दूरी को कवर किया था। इसका समापन 16 मार्च 2024 को मुंबई में हुआ।'

'मणिपुर को अभी भी प्रधानमंत्री का इंतजार'

उन्होंने आगे कहा, 'मणिपुर को अभी भी प्रधानमंत्री की यात्रा का इंतजार है, जिनके पास दुनिया भर में घूमने के लिए तो समय और इच्छाशक्ति है लेकिन वह मणिपुर के संकटग्रस्त लोगों के पास जाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। वह लगातार अपनी पार्टी के विधायकों और खुद मुख्यमंत्री समेत मणिपुर के राजनेताओं से मिलने से इनकार करते रहे हैं।'

पीएम डिग्री विवाद में डीयू की कोर्ट में दलील

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के बारे में जानकारी का खुलासा करने संबंधी केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय ने दिल्ली हाईकोर्ट में अहम दलीलें दीं। डीयू ने कोर्ट से कहा कि आरटीआई का उद्देश्य किसी तीसरे पक्ष की जिज्ञासा को संतुष्ट करना नहीं है। जस्टिस सचिन दत्ता के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि छात्रों की जानकारी किसी विश्वविद्यालय की ओर से जिम्मेदारी के साथ सुरक्षित रखी जाती है।

विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे बेपटरी

चेन्नई। तमिलनाडु में विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। पीआरओ रेलवे, चेन्नई के मुताबिक, तेज आवाज आने के बाद ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेलवे कर्मचारी और इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंचे और पटरी से उतरी ट्रेन की मरम्मत के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। बताया गया कि रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत ही मोर्चा संभाला और अन्य ट्रेनों के लिए मार्ग साफ कर दिया। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि यह घटना तकनीकी खराबी या इसकी कोई और वजह भी हो सकती है। विल्लुपुरम रेलवे पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

क्या है मामला?

दरअसल, पुडुचेरी जा रही एक मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) ट्रेन का एक डिब्बा मंगलवार को विल्लुपुरम के पास पटरी से उतर गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है और तीन घंटे के भीतर ट्रेनों की आवाजाही बहाल कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण पता चल सकेगा। इस घटना के जांच के आदेश दे दिए गए हैं। लगभग 500 यात्रियों को लेकर विल्लुपुरम-पुडुचेरी ट्रेन जब सुबह 5.25 बजे विल्लुपुरम से रवाना हुई। ट्रेन एक मोड़ पार कर रही थी, तभी उसका एक डिब्बा पटरी से उतर गया और लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन को रोक दिया। इस दुर्घटना के कारण विल्लुपुरम मार्ग पर सुबह 8.30 बजे तक ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं।

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन भारत दौरे पर, राष्ट्रपति मुर्मू- पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

राष्ट्रपति के रूप में शनमुगरत्नम की पहली यात्रा

नई दिल्ली। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम मंगलवार से भारत की राजकीय यात्रा पर। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इस बात की जानकारी दी है। उनका यह दौरा भारत और सिंगापुर के बीच कूटनीतिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। इस यात्रा से भारत-सिंगापुर संबंधों के नए शिखर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस दौरान ऊर्जा, औद्योगिक पार्क और कौशल विकास जैसे गैर-पारंपरिक क्षेत्रों क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान उनके साथ मंत्रियों, संसद सदस्यों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में यह थर्मन शनमुगरत्नम की पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, अपने भारत दौरे के दौरान थर्मन राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी से भी मुलाकात करेंगे। 16 जनवरी को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में थर्मन का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान, थर्मन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ चर्चा करेंगे, जो उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन भी करेंगी।

ओडिशा का भी दौरा करेंगे

वह 17 से 18 जनवरी तक ओडिशा का भी दौरा करेंगे। सिंगापुर के विदेश मंत्री के मुताबिक, सीएम माझी थर्मन को आधिकारिक रात्रिभोज की मेजबानी भी देंगे। सिंगापुर के राष्ट्रपति विश्व कौशल केंद्र का भी दौरा करेंगे, जिसे सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) ने एशियाई विकास बैंक से वित्त पोषण के साथ स्थापित किया था।

महाकुंभ...

कोलकाता के उपकुर्वाण ब्रह्मचारी संजयानन्द को नैयष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा देकर ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानन्द का नाम दिया

सनातन आस्था और महाविज्ञान से प्रभावित होकर कुंभ में दो युवा प्रतिभाओं ने लिया संन्यास

- **स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती से दीक्षा लेकर सनातन की सेवा का संकल्प**

कुंभ नगर/ प्रयागराज। सनातन आस्था और महाविज्ञान से प्रभावित होकर दो प्रतिभाशाली युवाओं ने आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर संन्यास ग्रहण किया है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री , दंडीस्वामी पूज्य स्वामी जीतेंद्रानंद जी सरस्वती ने इन दोनों युवाओं को मंत्र दीक्षा प्रदान किया। महाकुंभ के प्रथम पुण्य स्नान के पवित्र अवसर पर इन युवाओं के इस निर्णय ने सनातन आस्था को प्रमाणित किया है। सनातन संस्कृति और अध्यात्म के प्रति प्रतिभावान युवा शक्ति का यह जुड़ाव अत्यंत स्वागत योग्य है। प्रथम युवा कोलकाता के उपकुर्वाण ब्रह्मचारी संजयानन्द को आज नैयष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा देकर ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानन्द नाम प्रदान किया गया। दूसरे प्रतिभावान युवा और पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर विवेक कुमार पांडे को आज सन्यास की दीक्षा देकर स्वामी केशवानन्द सरस्वती नाम प्रदान किया गया। दोनों युवा संन्यासियों ने आज दीक्षा के उपरांत कहा कि उनके मार्गदर्शक और गुरु स्वामी जीतेंद्रानंद जी की यह कृपा उन्हें अब सनातन की व्यापक सेवा का मार्ग प्रशस्त करेगी। राष्ट्र को इस समय पूज्य स्वामी जी के संकल्प पूरे करने के लिए हमारे जैसे युवाओं की अत्यंत आवश्यकता है। सनातन धर्म और संस्कृति की व्यापक सेवा में हमें गुरुदेव की कृपा मिलती रहे , ऐसी कामना है।

इस अवसर पर स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व के युवाओं में सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ा है। यह बहुत ही शुभ है। ऐसे समय में जबकि दुनिया अनेक गंभीर युद्धों के संकट से जूझ रही है, प्रयाग राज से सनातन का विश्व कल्याण का उदघोष ही विश्व को उचित दिशा देने वाला है।

'अगर हम इंडिया को जिंदा नहीं रखेंगे तो विपक्ष नहीं बचेगा': राउत

मुंबई। देश में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी में टूट की खबरों को शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडि गठबंधन निश्चित रूप से सर्वाइव करेगा। अगर हम विपक्षी गठबंधन को जिंदा नहीं रखेंगे, तो विपक्ष नहीं बचेगा, ये लोग विपक्ष को मार देंगे। ये सही है कि इंडि गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए बना था, लेकिन इसे बरकरार रखना देश की जरूरत है।

राउत ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर भी आपत्ति जताई कि भारत की 'सच्ची आजादी' तब स्थापित हुई, जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख संविधान के निर्माता नहीं हैं, उन्होंने कहा कि भगवान राम का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

इससे पहले संजय राउत ने कहा, 'हमने कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है, वहां गठबंधन बनाना मुश्किल होता, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि विधानसभा और लोकसभा में गठबंधन होगा।

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री आवास योजना से अश्वनी निर्मलकर को मिला पक्का घर

रायपुर/नवप्रदेश। अश्वनी निर्मलकरवार्ड क्रमांक 10 में अपने परिवार के साथ पिछले 52 वर्षों से निवासरत हैं। अश्वनी निर्मलकर रोजी मजदूरी का कार्य करती हैं जिससे परिवार का खर्च चल पाता है। अश्वनी निर्मलकर बताती हैं कि उनके पति का देहांत कुछ वर्ष पूर्व हो गया है। पति के देहांत उपरांत आर्थिक तंगी का सामना करना पडा कच्चे मकान होने के कारण आए दिन घर में सांप बिच्छू जहरीले कीड़े मकोड़े घुस जाया करते थे बंदरों के उत्पात के कारण खप्पर टूट जाते थे जिसे आये दिन मरम्मत कराना पड़ता था। अश्वनी निर्मलकर रोजी मजदूरी करके अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन कर रही थी।ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश के हर तबके के जरूरतमंद परिवारों को आवास देने का सपना पूरा कर रही है,अश्वनी निर्मलकर बताती है कि रोजी मजदूरी कर जो भी आय होती है। वह घर खर्च व अन्य जरुरतों में खर्च हो जाता है, जिसके कारण अब तक कुछ बचत नहीं हो पाया मगर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का घर बन जाने से कच्चे मकान में होने वाली विभिन्न समस्याओं से निजात मिला। इस पक्के मकान ने हमारे जीवन की सारी समस्याओं का समाधान कर दिया जिसके लिए मैं और मेरा परिवार सरकार का तहे दिल से शुक्रियादा करते हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए धन्यवाद देते हुए अश्वनी निर्मलकर कहती हैं यह योजना बहुत अच्छी है। यह गरीबों की जिंदगी बदलने वाली योजना है।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल ने मनाया छेरछेरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तीज- त्योहारों का अपने अलग ही महत्व है। खेती प्रधान इस राज्य में त्योहारों का सीधा केंद्र किसानों द्वारा खेतों में लगाई फसल से होता है। पौष माह की पूर्णिमा को छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इसे दान का पर्व भी कहते हैं। छेरछेरा पर्व में दान की गई वस्तुओं का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में किया जाता है। यह पर्व किसानों की मेहनत और उनकी फसल की खुशियों का प्रतीक है।

पीएससी नियुक्ति विवाद : मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया, युवाओं के साथ नहीं होने देंगे अन्याय

पूर्व सीएम बघेल की बेटी की नियुक्ति की सीबीआई जांच की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर भाजपा नेता उज्जवल दीपक ने ज्ञापन सौंपा और कांग्रेस शासन में हुए पीएससी घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण मांगे रखीं। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पूर्व की बेटी के पीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक पद पर चयन की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी की है। मुख्यमंत्री उन्हें भरोसा दिलाया कि वो छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे।

ये हैं भाजपा नेता की मांगें

सन 2018 से लेकर 2023 तक आयोजित सभी परीक्षाओं एवं भर्तियों को सीबीआई जांच के दायरे में लाया जाए। 2021 और 2022 की परीक्षा रद्द कर सभी नियुक्तियों को रद्द किया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बेटी के पीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक पद पर चयन की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

सीजीपीएससी घोटाला मामले में सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और उनके भतीजे नीतेश सोनवानी, साहिल सोनवानी, बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल और उनके बेटे शशांक गोयल व बहू भूमिका कटियार, तत्कालीन डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर को गिरफ्तार किया है। सभी को कोर्ट में पेश कर 15 जनवरी तक ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेजा गया है।

टामन सिंह सोनवानी के भतीजे नीतेश सोनवानी का डिप्टी कलेक्टर के पोस्ट पर चयन हुआ है। वहीं साहिल सोनवानी का डीएसपी के पोस्ट पर सलेक्शन हुआ है। इसके अलावा बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल के बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार दोनों का डिप्टी कलेक्टर के पोस्ट पर चयन हुआ है।

पूरा मामला

सीजीपीएससी 2019 से 2022 तक की भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीजीपीएससी ने 2020 में 175 पदों पर और 2021 में 171 पदों पर परीक्षा ली थी। प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया इसमें 2 हजार 565 पास हुए थे। इसके बाद 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को हुई मेंस परीक्षा में 509 अभ्यर्थी पास हुए। इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है।

समाज को 15 लाख देने की घोषणा

युवक–युवती परिचय सम्मलेन में शामिल हुए पूर्व मंत्री राजेश राजेश मूणत

रायपुर/नवप्रदेश। यादव ठेठवार समाज रायपुर महानगर का वार्षिक अधिवेशन एवं युवक युवती परिचय सम्मलेन राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वल, आराध्य देव भगवान श्री कृष्णा जी की चित्र का तिलक, चंदन पूजा आरति, एवं बालिकाओं के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस आयोजन को संचालित करने हेतु सर्वप्रथम ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन के माध्यम से विवाह योग्य युवक युवती का फॉर्म संकलन किया गया। जिसमें लगभग 130 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना नाम दर्ज कर हिस्सा लिया।

इसमें 11 विधवा विधुर परित्यगताओं भी ने अपना परिचय दिया। इसी कड़ी में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आये ठेठवार समाज के लोंगों का परिवारिक मेल-मिलाप से वैवाहिक संबंध हेतु सारगर्भित चर्चा कर वैवहाहिक संबंध

भी तय हुये। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री एवं पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत जी ने उपस्थिति माता बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबसे ऊपर मनुष्य जीवन है, एक दूसरे का काम आएं, भाईचारा बना रहे,छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करते रहो इससे बड़ा कोई काम नहीं। हर समाज की तरक्की होना चाहिए उन्नति होना चाहिए, जिसके लिए शिक्षा की आवश्यकता है किंतु शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है, बेटी पढ़े लिखे आगे बढ़े, सरकार के योजनाओं का लाभ ले एक बेटी किसी परिवार में जाती है तो उस परिवार को मां के रूप में संवारती है। इसलिए बेटी और बहु में अंतर नहीं करना चाहिए। आप सभी भगवान कृष्ण के अनुयायी है, आप कुछ मांग करें उसके पहले मै समाज को 15 लाख रुपए देने का घोषणा करता हूं।

यादव ठेठवार महासभा प्रदेश अध्यक्ष श्री गुलेंद्र यादव ने कहा कि समाज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है राजनिति से लेकर सभी क्षेत्र में आगे आने के लिये हमें पहले से और अधिकत ताकत दिखानें की जरूरत है। यादव समाज नें पूरी ताकत के साथ गौ हत्या करने वाले के उपर कडी से कडी कार्यवाही करने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर राज आध्यक्ष संतोष यदु ने किया, अतिथि प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमानंद यादव महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ललिता यादव जोन अठंध्यक्ष निशा देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

भाजपा को मिले चुनावी चंदा के कारण सीमेंट के दाम बढ़े, जनता परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा को दिये चुनावी चंदा के कारण ही सीमेंट निर्माता कंपनियों ने सीमेंट के दामों में वृद्धि करके चंदा की राशि की वसूली आम जनता से कर रही है। भाजपा और सीमेंट निर्माता कंपनियों के साठगांठ के कारण ही घर बनाने वाले गरीब जनता सीमेंट के महंगाई से परेशान हैं। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले प्रदेश में सीमेंट के दामों में 50 रु प्रतिबोरी की वृद्धि किया गया था और आज एक बार फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव और प्रदेश में नगरी निकाय चुनाव के पहले सीमेंट कंपनियों ने 50 रु प्रति बोरी की वृद्धि कर दिया है जिसे भाजपा सरकार का मौन समर्थन है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नारा लगती है कि सबका साथ सबका विकास लेकिन उनके विकास एजेंडा में सिर्फ उद्योगपति है भाजपा सरकार का मूलकाम चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना है। अभी हाल ही में सरकार ने उद्योगपतियों को डीजल की खरीदी में प्रति लीटर साढे छह रुपए की छूट दिया है और सीमेंट के दाम बढ़ाने को मौन सहमति दिया है। जनता एक और महंगाई से पहले ही परेशान है दूसरी ओर भाजपा की सरकार ने जनता को मिलने वाले सारे रियातों को खत्म कर दिया है। जमीन की रजिस्ट्री में मिलने वाला 30 प्रतिशत छूट खत्म कर दिया गया है बिजली के बिल में वृद्धि हो गई है।

सुविचार

जो निशुल्क है वह सबसे ज्यादा कीमती है जैसे हवा, पानी, नींद, शांति,आनंद और आपकी सांसे। - अज्ञात

आध्यात्मिक अनुभव का केन्द्र बना महाकुंभ

विश्व का सबसे बड़ा सनातन समागम प्रयागराज में प्रारंभ हो गया है। 140 सालों के बाद इस महाकुंभ के लिए सबसे अच्छा योग बना है। यही वजह है कि इस बार महाकुंभ में चालीस करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान लगाया गया है। 45 दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ का शुभारंभ 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से हो गया है। जिसमें ढेड़ करोड़ से ज्यादा लोगों ने पहले ही दिन अमृत स्नान कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। 14 जनवरी मकर संक्राति पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रयागराज स्थित पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। आस्था, भक्ति और संस्कृति के इस पवित्र संगम में भारी जनसैलाब उमड़ा लेकिन किसी को भी किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। इस बार के महाकुंभ में अपार जनसमूह उमड़ने की संभावना को देखते हुए उत्तरप्रदेश की योगी सरकार को बहुत ही शानदार व्यवस्था की हुई है जिसकी सभी श्रद्धालु मुक्तकंठ से सराहना कर रहे हैं। इस महाकुंभ के आयोजन को सुचारू बनाने क्के लिए महाकुभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन और पुलिस के अलावा स्वयं सेवी संगठन सहयोग मिल रहा है। सभी के समवेश प्रयासों से भव्य आयोजन न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए आक्रषण का केन्द्र बन गया है। इस बार के महाकुंभ में लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक और श्रद्धालु भी सिरकत कर रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम तट पर कल्पवाश कर रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान संगम तट पर कल्पवास करने से सौ वर्षों की तपस्या करने के समान पुण्य प्राप्त होता है त्रिवेणी संगम में साधु संतों का भी श्रद्धालुओं को सानिध्य प्राप्त हो रहा है। वहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और अन्य कार्यक्रम भी हो रहे है जिसकी वजह से यह महाकुंभ देशी और विदेशी श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव का केन्द्र बन गया है। इस बार के महाकुंभ की व्यवस्था की सभी सराहना कर रहे हैं। जिसके लिए उत्तरप्रदेश की योगी सरकार की सभी सराहना कर रहे हैं। गौरतलब है कि 2013 में भी महाकुभ का आयोजन किया गया था उस समय उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे लेकिन कुंभ में भारी अव्यवस्था देखने को मिली थी उस कुंभ के दौरान इलाहाबाद रेलवे स्टेशन में भगदड़ की भी घटना हो गई थी जिसमें 35 लोग मारे गये थे और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। उस कुंभ के मुकाबले इस बार श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना अधिक है इसके बाद भी पूरी व्यवस्था चाक चौबंध है। श्रद्धालुओं को वहां किसी भी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं हो रही है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद ही कमान संभाले हुए है और लगातार इस आयोजन की मानीटरिंग कर रहे हैं निश्चित रूप से सनातनियों की आस्था का यह महाकुंभ इस बार एक नया इतिहास रचेगा।

कांग्रेस पार्टी के नये फरमान से असंतोष

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है लेकिन महापौर और अध्यक्षों का आरक्षण होन तथा नगरी निकायों के वार्डो के आरक्षित होने के बाद से चुवानी सरगर्मियां तेज हो गई है कांग्रेस और भाजपा में पार्षद पद की टिकट को लेकर एक अनार और सौ बीमार वाली स्थिति निर्मित हो गई है। इस बीच छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक नया फरमान जारी किया है। जिसे लेकर पार्षद पद के उम्मीदवारों में असंतोष देखा जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनमोहन सिंह कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार पार्षद पद के दावेदारों से पांच माह का मानदेय जमा करने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को परिपत्र जारी कर कहा है कि पार्षद पद के टिकट के लिए आवेदन के साथ ही उनसे पांच माह के मानदेय की राशि भी जाम कराई जाये। वर्तमान में नगर निगम के पार्षदों को प्रतिमाह पंद्रह हजार रूपये का मानदेय मिलता है इसका मतलब यह है कि कांग्रेस से पार्षद पद का टिकट चाहने वालों को एकमुश्त 75 हजार रूपये की राशि जमा करानी होगी जो यह राशि जमा नहीं कराएगा उसका आवेदन न मंजूर हो जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए फंड जुटाने की दृष्टि से मनमोहन सिंह कमेटी से रिपोर्ट को मद्देनजर रखकर यह निर्देश दिया है जिससे टिकट के उन दावेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ेगा जो साधन संपन्न हैं। किन्तु साधारण कार्यकर्ताओं के लिए टिकट के आवेदन के साथ एकमुश्त इतनी बड़ी राशि जमा करा पाना मुश्किल होगा। उपर से पार्षद पद चुनाव में भी प्रत्याशियों को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। प्रदेश कमेटी के इस फरमान को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। कई कांग्रेस जन जहां इस निर्णय का स्वागत कर रहे हैं। वहीं पार्टी के ऐसे भी कार्यकर्ता हैं जो इस निर्णय से नाखुश है और इस फरमान को अव्यवहारिक बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि क्या प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस नेताओं से भी इसी तरह का अंशदान लिया था जो लाखों का मानदेय प्राप्त करते हैं। बहरहाल कांग्रेस कमेटी का यह फरमान साधारण कार्यकर्ताओं को रास नहीं आ रहा है।

प्रेरक प्रसंग

एक संत अपने एक किसान भक्त की प्रार्थना स्वीकार करके उसके गाँव पहुँचे। किसान ने उनके लिए एक प्रवचन का आयोजन किया था। अचानक किसान का बैल बीमार हो गया। किसान जानता था कि यदि बैल को समय पर उपचार न मिला तो वह मर जाएगा, इसलिए वह प्रवचन में न जाकर बैल को चिकित्सक को दिखाने ले गया। गाँव के कुछ लोगों ने संत से उसकी शिकायत की और बोले- "महाराज ! यह किसान कितना स्वार्थी है। आपके प्रवचन का आयोजन करके खुद ही यहाँ नहीं आया है।" संत बोले- "किसान ने प्रवचन में न आकर और एक पीड़ित पशु की सेवा को महत्त्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि वह मेरी शिक्षा ठीक प्रकार से समझ गया है। मेरे सारे प्रवचनों का सार यही है कि दुःखी- पीड़ितों की सहायता की जाए और विवेक का आश्रय लेकर यह समझा जाए कि किन परिस्थितियों में कौन-सा कार्य जरूरी है। यदि आज किसान बीमार बैल को छोड़कर प्रवचन में आ जाता और वह बैल बिना दवा के मर जाता तो मेरा प्रवचन देना व्यर्थ हो जाता।" संत का कहा सुनकर सबकी आँखें खुल गईं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्त : 18:08, चन्द्रोदय : 18:28, चन्द्रास्त : 07:34, अयन : उत्तरायण, ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : पुष्य, योग : प्रीति, प्रथम करण : बालव (15:34 तक), द्वितीय करण : कौलव (27:21+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : कर्क, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:14 से 12:58, अमृत काल : 07:55 से 09:29, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:08, गोधूलि मुहूर्त : 17:59 से 18:26, सायाह्न सन्ध्या : 18:02 से 19:21, निशिता मुहूर्त : 24:10+ से 25:02+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:18+, राहुकाल : 12:00 से 13:30, गुलिक काल : 12:36 से 13:58, यमगण्ड 09:53 से 11:15, दुर्मुहूर्त : 09:21 से 10:04, वर्ज्य : 18:20 से 19:57, आडल योग : 10:17 से 31:10+, राहुवास : पश्चिम, होमाहुति : चन्द्र, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (27:21+ से आकाश), चन्द्रवास : उत्तर।

मुरलीधर मोहोल
केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री

संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है। आगे की राहः एक सहकारी भविष्य सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

सहकारिताः एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (ICA) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (IYC 2025) का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

सहकारी मॉडलः आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार

सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं।

भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है।

अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व

भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित ढ्ष्ट वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फर्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

सहकार से समृद्धि का विजनः भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेजी से डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

वैश्विक एजेंडाः सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य

विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है।

सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है।

आगे की राहः एक सहकारी भविष्य

सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1784 विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। बाद में इसका नाम एशियाटिक सोसायटी ऑफबंगाल हो गया। 1949 के एम करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफका पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1956 बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का जन्म। 1965 भारतीय खाद्य निगम की स्थापना। 1986 जनरल के एम करियप्पा :सेवानिवृत्त: को आजन्म मानद फील्ड मार्शल बनाया गया। 1986 इंडियन एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक यात्री उड़ान को पहली बार केवल महिला चालक दल ने संचालित किया। 1988 भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुये वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए। 1998 भारत के भूतपूर्व कार्यकारी प्रधानमंत्री गुलज़ारीलाल नन्दा का निधन। 2001 विकिपीडिया लॉन्च किया गया। 2008 खगोलविदों ने धरती से 25 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर की आकाश गंगा पर जीवन के लिये जरूरी तत्व खोजने का दावा किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरी आँखे ना

मेरी आँखे ना जगी ना सोई मेरी आँखे , ना जाने किन ख्यालों में खोई मेरी आँखे, ना देखती ,न जानती मेरी आँखे , ना जाने क्या ढूढती मेरी आँखे , ना रोती ,ना हँसती मेरी आँखे , ना जाने क्या बोलती मेरी आँखे , ना ख्वाब में हैं ,ना हकीकत में मेरी आँखे, ना जाने क्यों बेजान है आज कल मेरी आँखे - **निखिल कुमार 'नमन**

सुनो नए का

सुनो नए का सहारा पुराने की ताक़त बने और पुराने का अनुभव नए का सहारा बने तब ही तो होता है सफ़र लाजवाब, सुनो झुर्रियों की खुरदुराहट बचा लेती है कोमल हाथों को फिसलने से और बना ही देती है लंबा सफ़र भी आसान सुनो सामंजस्य ज़रूरी है सीखना- नए को भी और पुराने को भी, तब ही तो होते हैं सफ़र में साथ भगवन,

- **शुचि 'भवि'**

ख़ास पाती

आज भी हम उन्हें पुकारे हैं

आज भी हम उन्हें पुकारे हैं, सदियों से जो खुदा को प्यारे हैं। ज़िन्दगी दुख औ सुख का मिश्रण है, गर्मी में बारिशों की धारे हैं। चाह कर डूबना नसीब नहीं, लहरों के मायके किनारे हैं। मेरी महबूबा बेवफ़ा निकली, जाने कितनों के घर सुधारे हैं। कैसे हम भूलें ज़ेल के वे दिन, जो तेरे इश्क़ में गुजारे हैं। हम चराग़ों से प्यार करते हैं , अब हवाओं के ग़म करारे हैं। - **संजय दानी**

आज के बच्चे बड़े अलग हैं आज के

आज के बच्चे बड़े अलग हैं आज के बच्चे पढ़े अलग हैं अपने झँझट और थे यारो इनके झगड़े बड़े अलग हैं हमसब तो मिलकर रहते थे आज ये लेकिन पड़े अलग हैं यह तो सारा जग है जाने बने सभी हम अलग-अलग हैं मात-पिता गुरु-शिष्य जगत को छोड़-छाड़ कर खड़े अलग हैं लेकिन इनके.... तौर-तरीक़े हम सबसे तो... बड़े अलग हैं - **जे डी कुदाल**

और क्या इसके सिवा हो जायेगा हद

और क्या इसके सिवा हो जायेगा हद से हद वो ग़ैर का हो जायेगा इश्क़ है यह ,या कोई वक्ती कशिश इस बहाने फैसला हो जायेगा फैसला तो फ़ासलों से बेहतर है क्या हुआ जो वो खफ़ा हो जायेगा हम समझ बैठे जिसे अपना पता एक दिन वो लापता हो जायेगा हर तरफ़ही ख्वाहिशों का शोर है आदमी इनमें फ़ना हो जायेगा ग़ैर है तो क्यूँ उसे अपना कहूँ मेरा है तो खुद मेरा हो जायेगा - **अनु मित्तल**

कुछ टूटे सपने, कुछ टूटी आस

कुछ टूटे सपने, कुछ टूटी आस, कुछ अनकही बातें कुछ अनछुए अहसास , कुछ एकाकी मैं, कुछ अधूरापन मेरे पास। शायद इसलिए ये शाम है बहुत उदास। काश शबनमी शाम में ,जलता अलाव हो, न कोई उदिग्नता न कोई ताव हो। धीमी धीमी आंच में भुनती शकरकंद , मीठी शकरकंद पर नमकीन मसाला। न साकी ,न हाला न कोई मधुशाला, बस,साथ में महकते कहवे का प्याला । गर्म हाथों में हाथ ओर गुनगुनाती बातें, चांदनी से भरी सर्द कुनकुनाती रातें । ऐसे नर्म एहसासों के सपने महीन हैं, खूबसूरत जज्बातों से सजे बड़े हसीन हैं। तन गुलाबी मखमली दुशालो से लिपटे , मन मिलने को आतुर पर सिमटे सिमटे। यूं कुलांचे भरता मन बेलगाम हैं, क्या करें तुम्हे बुलाने में नाकाम हैं। ऐसे में यदि तुम एक काम कर दो, एक शाम सिर्फ़मेरे नाम कर दो। मीठी मीठी बातों से शाम कुछ नमकीन हो जाए , तुम साथ रहो तो,ये शाम रंगीन हो जाए ।। - **सुधीर वत्स**

अदालत के कुछ मामलो में शक व

अदालत के कुछ मामलो में शक व झूठे गवाहों के आधार पर मुलजिम करार कर दिया जाता हैं गवाहों और सबूतों को मद्देनजर रखते हुए साल दर साल तारीख पर तारीख तब तक मानवीय संवेदनायें आत्महत्या कर चुकी होती है उम्र बीत जाने पर बाईज्जत बरी कर दिया जाता है और बची हुई जिंदगी अपना कसूर ढूंढने में निकल जाती है कुछ मामलो के के फैसले ईश्वर की अदालत पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि मन के मरने के बाद इंसानी अदालत नही लगा करती। - **सीमा तुली नागर**

थोड़ा सा मुस्कुरा कर

थोड़ा सा मुस्कुरा कर ज़िंदगी को भी साज़ दो ज़ब मैं और तुम साथ बस हम को आगाज़ दो अदायगी यक़ी बने अपनी तुम प्यार से बस आवाज़ दो सब्र के साथ निभाऊं इंतजार बस हम को कल से आज दो कि बेपनाह वफ़ा में लिपटे उम्र भर मैं-तुममें बस हम का नाज़ हो - **नंदिता तनूजा**

QUIZ TIME

1) मंत्रिमंडल पद्धति तथा सामूहिक जिम्मेदारी किस देश की देन है?

2) नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता ने 12 मई, 2024 तक माउण्ट एवरेस्ट पर कितनी बार चढ़ाई की है?

3) 15 अप्रैल, 2024 को भारत के नए सचिव कौन नियुक्त किए गए है?

4) आंतरिक संक्रमण तत्वों की कुल संख्या कितनी है?

5) अंडरवाटर फोटोग्राफर ऑफद ईयर 2024 का पुरस्कार किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ब्रिटेन (2) 28 (3) [illegible] (4) 29 (5) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी सुख-सुविधाओं पर पूरा ध्यान देंगे।

वृष : आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए किसी पुराने निवेश से लाभ दिलाने वाला रहेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है।

कर्क : आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आर्थिक मामलों में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे।

सिंह : आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

कन्या : कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आय बढ़ने से खुशी होंगी।

तुला : आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को कामों में अपने सहयोगियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है।

धनु : आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोग अपने टारगेट को पूरा करने की कोशिश करेंगे। नौकरी में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है।

मकर : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, जो लोग सिंगल हैं, उनके अपने साथी से मुलाकात हो सकती है।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 296 का हल

■ न्यूज गैलरी

गतका संघ की बैठक संपन्न

भिलाई। गुरुद्वारा हाल सुपेला में गतका एसोसिएशन ऑफछत्तीसगढ़ की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया। बैठक में छग राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप, छग गतका एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन, जोन अध्यक्षों की नियुक्ति, उप समितियों का गठन रैफरी कौंसिल का गठन, खिलाड़ियों, रैफरी कोच के लिए समर कैंप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, बेमेतरा, भाटपारा, मुंगेली, पेंड्रारोड़, सक्ती, धमतरी, सूरजपुर, अंबिकापुर के जिला गतका संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में इंदरजीत सिंघ छोटू अध्यक्ष, जसवंत सिंघ खालसा महासचिव व मलकीत सिंह लल्लू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हरपालसिंघ भामरा, जसबीर सिंघ चहल, अकलेश दुबे संरक्षक बनाए गए। पृथ्वीपाल सिंघ एसोसिएशन का मुख्य कोच बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू ने कहा कि शीघ्र ही पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी बनाई जायेगी और गतके के प्रचार प्रसार के लिए सभी जिलों के सहयोग से योजना बनाई जायेगी और छग स्टेट प्रतियोगिता होगी। जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।

आज मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह

अंजोरा। जिले में महिला बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम कोलिहापुरी के स्कूल मैदान में शासन की महती योजना मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आज संपन्न होगा। परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुसार लगभग 54 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम उक्त स्थान पर आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता विधायक ललित चंद्राकर (उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछडा विकास प्राधिकरण), विशिष्ट अतिथि पुष्पा भुनेश्वर यादव अध्यक्ष जिपं, देवेन्द्र देशमुख अध्यक्ष जपं, योगिता चंद्राकर कृषि सभापति, माया बेलचंदन, लक्ष्मी साहू, झमित गायकवाड़ उपाध्यक्ष जपं., हीरामणी देशमुख सभापति जपं, ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, ज्वाला प्रसाद देशमुख सरपंच, सुनील कुमार मिश्रा उपसरपंच उपस्थित रहेंगे।

वर्तमान में शहर कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्व विहीन, ब्लाक अध्यक्षों का हाल बेहाल

निगम चुनाव में कांग्रेस का बंटाधार होना तय, रणनीति तय नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के चुनाव की घोषणा आने वाले दिनों में होने वाली है। भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव का सामना करने के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी भी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है लेकिन दुर्ग शहर कांग्रेस चुनाव को लेकर गंभीर नहीं हो पाई है और लड़ाई से पहले ही हथियार डालती नजर आ रही है। इससे निष्ठावान और उर्जावान कार्यकर्ता बेहद हताश और निराश है। यहां गौरतलब है कि दुर्ग शहर कांग्रेस के अध्यक्ष गया पटेल इस्तीफा दे चुके है। शहर कांग्रेस संगठन से उन्होंने लगभग किनारा कर लिया है। कभी कभार होने वाली बैठक में बुलाने पर कांग्रेस भवन आते है और फिर चले जाते है। वर्तमान में शहर कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्व विहीन है। ब्लाक अध्यक्षों का हाल भी बेहाल है। नगर निगम के चुनाव को लेकर केवल मध्य ब्लाक की तैयारी दिखाई दे रही है। मध्य ब्लाक द्वारा ही कांग्रेस भवन में बैठक लेकर अपने अंतर्गत आने वाले वार्डो के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया जा रहा है। मध्य ब्लाक ने वार्ड स्तर पर प्रभारियों की भी नियुक्ति कर दी है। लेकिन कांग्रेस के उत्तर दक्षिण पूर्व व पश्चिम ब्लाक की गतिविधि लगभग शून्य है। इन ब्लाकों की एक बार भी बैठक नहीं हुई है। वार्ड के प्रभारियों का भी कोई अता-पता

नहीं है। इन चारों ब्लाकों के अधीन वार्डो के कार्यकर्ता भारी हताश व निराश है। ऐसी स्थिति यदि लगातार बनी रही तो निगम चुनाव में कांग्रेस का बंटाधार तय है।कांग्रेस भवन में अभी तक एक बार भी बैठक लेकर कार्यकताओं को कैसे चुनाव लडना है और किस रणनीति के तहत काम करना है कोई मार्गदर्शन नहीं दिया जा रहा है। सप्ताह में एकाध बार आयोजित हो रही बैठक में केवल भाषणबाजी हो रही है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि शहर कांग्रेस के नेतृत्व विहीन होने से इसकी पूरी कमान सीधे तौर पर पूर्व कांग्रेस विधायक अरूण वोरा के हाथ में है। इससे पहले भी शहर कांग्रेस का अध्यक्ष पूर्व विधायक अरूण वोरा के इशारे पर काम करता रहा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा भी कांग्रेस को जीताना तो दूर लड़ाई के लिए भी तैयार नहीं कर पाए है। श्री वोरा कांग्रेस भवन में कांग्रेस का इतिहास बताकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का दावा कर रहे है। चुनावी रणनीति के विषय में बैठक में कोई बात नहीं कही जा रही है।

वोरा ही बांटेंगे कांग्रेस में पार्षदों की टिकट

शहर कांग्रेस में निगम चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कहा जाता रहा है कि ब्लाक अध्यक्ष वार्ड से पांच-पांच लोगों का पैनल तैयार करेगें। उसके बाद शहर कांग्रेस की समिति तीन-तीन नाम का पैनल तैयार करके प्रदेश कांग्रेस को भेजेगी और प्रदेश कांग्रेस से ही प्रत्याशी तय किए जाएगें। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि ऐसी व्यवस्था की बात कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए कही जा रही है। पूरे वार्ड के प्रत्याशियों का नाम अरूण वोरा ही फाईनल करेगें और जो भी एक नाम भेजा जाएगा प्रदेश कांग्रेस उसी नाम की घोषणा करेगी।

सीएमओ का अनूठा कदम

कुम्हारी। नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल की घोषणा की गई है। इस पहल का नेतृत्व नगर प्रशासक एसडीएम एवं सीएमओ ने किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और हरियालीयुक्त बनाना है। नपा सीएमओ नेतराम चंद्राकर ने बताया की हमारा प्रयास है कि स्वच्छता और सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से बेहतर बनाया जाए। नागरिकों की सहभागिता से एक स्वच्छ और सुंदर शहर का सपना साकार हो सकेगा। नियमित निरीक्षण हेतु सीएमओ इंजीनियर, पीआईयू,आवास प्रेरक व पालिका दल की विशेष टीम का गठन किया है। सफाई टीम वार्डों में जाकर झाड़ू, नाली सफाई कार्य करेगी। कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने हर घर से कचरा संग्रहण की नई प्रणाली शुरू की है। इसके तहत गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा।

सीसीडीए ने अधिसूचना जीएसआर 220(ई) वापस लेने उठाई आवाज

ऑनलाईन दवाई डिलिवरी से जनस्वास्थ्य को बड़ा खतरा

■ **बगैर डॉक्टरी पर्ची की प्रतिबंधित दवाईयों का ऑनलाईन डिलिवरी : सचिव अग्रवाल**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए कोरोनाकाल के समय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू किए गए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) के खिलाफ लामबंद हो गया है। इस मुद्दे पर एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा प्रेसवार्ता कर अधिसूचना को वर्तमान समय में जन स्वास्थ्य की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ा खतरा बताया गया है। लिहाजा एसोसिएशन पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार से अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। चर्चा में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए के सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा है कि कोरोनाकाल में जरुरतमंद मरीजों के घरों तक ऑनलाईन दवाई उपलब्ध कराने की आपातकालीन स्थिति की आवश्यकता की पूर्ति के लिए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) लागू की गई थी, क्योंकि

कोरोनाकाल में चिकित्सक भी मरीजों को आसानी से सुलभ नही होते थे। जरुरतमंद मरीजों को आसानी से दवाईयां उपलब्ध हो सके। यह अधिसूचना लागू करने का मुख्य उद्देश्य था लेकिन वर्तमान में कोरोनाकाल खत्म हो चुका है। भविष्य में कोरोना जैसी स्थिति के वापस लौटने की संभावना भी नहीं है। बावजूद यह अधिसूचना आज भी प्रभावी है। जिसका खुलकर दुरुपयोग होने के कई प्रकरण सामने आ चुके है। लोगों को बगैर डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवाईयों का ऑनलाईन डिलिवरी हो रही है। नशे में उपयोग करने के लिए भी दवाईयां लोगों को ऑनलाईन डिलिवरी के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो रही है, जबकि दवाई खरीदी के लिए डॉक्टरी पर्ची अनिवार्य है। डॉक्टरी पर्ची के समयकाल को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विशेष गाईडलाईन है। दवाई की आपूर्ति लाइसेंसधारी मरीज को उसी जिले में करवा सकता है, जहां वह खुद व्यवसाय का संचालन करता हो, लेकिन वर्तमान में दवाईयों की ऑनलाईन डिलिवरी में उक्त नियम का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जिससे प्रतिबंधित दवाईयों का व्यापार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है, जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जनहित में अधिसूचना को केन्द्र सरकार तत्काल वापस ले। सचिव अग्रवाल ने कहा है कि उक्त अधिसूचना के खिलाफ केन्द्र सरकार से चार बार पत्राचार किया जा चूका है। जिसके माध्यम से अधिसूचना के विसंगतियों की गंभीरता को अवगत कराया गया है, लेकिन केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य के सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर मौन क्यों है? यह समझ से परे है। अगर केन्द्र सरकार का यही रवैया रहा तो छग केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए जल्द ही जनहित में बड़ा आंदोलन छेड़ने बाध्य होगी। दवाईयों को ड्रग कहे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि दवाई मेडिसीन होती है, जबकि ड्रग कोकीन, ब्राऊन शुगर, अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थ होती है, लेकिन जब भी पुलिस द्वारा ड्रग के खिलाफकार्यवाही की जाती है, तो यह कहा जाता है कि नशीली दवाई पकड़ी गई है। इस बोलचाल की भाषा से समाज में दवाई विक्रेताओं के प्रति गलत धारणा बनती है। जिससे दवाई विक्रेताओं की छवि धूमिल होती है।

इस दौरान अभा दवा विक्रेता संघ कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल, छग केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए संगठन मंत्री देवव्रत गौतम, वरिष्ठ केमिस्ट सतीश समर्थ, दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष वकार हसन खान, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन, उपाध्यक्ष विनय पंचोली, पीआरओ जयवीर गुप्ता, अरुण ताम्रकार थे।

रौनियार वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह

बिखरे समाज की वैल्यू नहीं, एकजुटता से ही विकास संभव : गुप्ता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। रौनियार वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह अंबेडकर पार्क में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रौनियार समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक समाज की सफलता एकजुट रहने में है। बिखरे समाज की कोई वैल्यू नहीं होती। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। विजेताओं को अथितियों द्वारा सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के द्वारा रमेश गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता, रीना गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, छग प्रदेशाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, महामंत्री मनोहर गुप्ता, रायपुर से अशोक वैश्य,राजकुमार प्रसाद एवं दुर्ग-भिलाई अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अतिथियों को साल एवं शील्ड देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन वीरेंद्र गुप्ता,प्रमिला गुप्ता व आभार प्रदर्शन जगशिवा महामंत्री ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुप्ता ने समय की पाबंदी को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। नववर्ष मिलन समारोह का समय 11 का दिया लेकिन यहां 2 बजे तक लोग आ रहे हैं। समाज के लिए कुछ समय नहीं दे सकते तो विकास कैसे होगा। समाज को एकजुटता से काम करना होगा।

सांसद-विधायक ने 318 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर कराया गृह प्रवेश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मकर संक्रांति के अवसर पर पीएम आवास एएचपी योजना के अंतर्गत 318 हितग्राही जिनके द्वारा आबंटित मकान की पुरी किश्त जमा कर दी गई थी। ऐसे हितग्राहियो को सूर्य विहार के पीछे खम्हरिया 493 युनिट में मकान प्रदान किया गया। सांसद, विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा पहले जाकर पीएम आवास का निरीक्षण किया गया। उसके पश्चात मकान की चाबी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सांसद बघेल ने कहा कि हमे बहुत खुशी है कि आज इस पवित्र तिथि पर अपने शहर के नागरिको को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान करते हुए यह मेरे लिए बहुत शुभ अवसर है। विधायक सेन ने अपने उद्बोधन में कहा प्रधानमंत्री जी का सपना है, कि सबके पास मकान हो। जिसमें अपने परिवार सहित खुशहाल जीवन जी सकें, यह योजना सबके लिए लाभकारी है। महापौर पाल ने अपने उद्बोधन में कहा मकान प्राप्त करने के बाद चारो-तरफस्वच्छता बनाये रखना। साफ-सफाई रखना सबका कर्तव्य है, जिससे आपकी कालोनी अच्छ कालोनी कहलाये। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि आपका अपना मकान होगा। जिस पर खुद का अधिकार होगा, आपके पास प्रमाण पत्र होगा जिससे अधिकार पूर्वक बता सकते है यह हमारा मकान है। रूखमणी देवांगन 62 वर्षीय महिला ने अपनी भावनाओ को व्यक्त करते हुए कहा किराये के मकान में हमारा दिन कट रहा था। मन में यही सपना था, कि हमारा खुद का मकान हो, मेरे नाम का मकान हो, मुझे बहुत अच्छे लोकेशन पर हमारे उम्र का खयाल रखते हुए हमे नीचे का मकान मिला है। पीएम मोदी का आभारी हुँ। इस दौरान नेताप्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन, विद्याधर देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद थे।

त्रिपाठी अध्यक्ष हेतु निर्वाचित

भिलाई। रायपुर मंडल की एकदिवसीय द्विवार्षिक आम सभा भिलाई में आयोजित हुई है। उक्त आम सभा मे मुख्य अतिथि आल

इण्डिया अध्यक्ष एमविनय बाबू व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीधर, सह सचिवद्वय सरसैया एवं सत्यम पटेल मण्डलीय अध्यक्ष, सचिव संग्राम सिंह कर्चुली, अध्यक्ष सुमित राय, सचिव बिलासपुर अजय सिंह, सचिव शहडोल शुभोदीप मुखर्जी उपस्थित रहे। जिसमें अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी निर्विरोध, उपाध्यक्ष सौरव चंद्राकर, सचिव सुनील जुगनार निर्विरोध, सहसचिव प्रणय शर्मा, सह सचिव रामकेश मीना, कोषाध्यक्ष वीवीएन राव, स्थानीय सचिव विनोद मीना निर्वाचित हुए।

नशा मुक्ति केन्द्र में नवजीवन नशामुक्ति का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कल्यानी संस्था के 3 वर्ष पूर्ण होने पर समाज कल्याण विभाग दुर्ग शासन से मान्यता प्राप्त कल्याणकारी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र द्वारा नवजीवन नशामुक्ति जुनवानी मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, एन चिरंजीवी राव, अजय कल्याणी, संजय देशमुख के आतिथ्य मे संपन्न हुआ। सांसद बघेल ने कहा कि

मकर संक्रांति पर्व पर है आप सबको शुभकामनाएं देता हूं आप सबके जीवन में और परिवार में सुख, शांति व समृद्धि हो और जिस उद्देश्य को लेकर यह संस्था काम कर रही है उसे देश की पूर्ति भी हो आप सबके जीवन को सजाने संवारने समृद्ध बनाने जो यहां संस्था में है आए हैं वह सफल हो। आप स्वस्थ रहें नशे से मुक्त रहें। इस कार्यक्रम में जगदीश राव, अजय, संजय, पिंकी साथ ही संस्था में सेवा दे रही हमारी बेटियां और हमारे भाईगढ़ आप सबको बधाई देता हूं। संरक्षक के रूप में मुझे अपने सम्मान दिया है मैं उसे स्वीकार करता हूं। जो संस्था मे आपके सेवा मे लगे है वह प्रथम सेवा है। यह अभियान दूसरों को भी प्रेरणा दीजिए आपको जो लाभ मिला आपको देखकर और लोग भी आएंगे क्योंकि नशे में बहुत सारे संगत भी होते हैं आपके मजाक उड़ाएंगे जाएंगे तो फिर से वह आपको प्रेषित करेंगे तो आपके मन को आप तटस्थ रखें यह मेरा आपसे निवेदन है।कल्याणी सोशल वेलफेयर के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

छोटे ठेकेदारों को अपात्र होने की आशंका, लगाई गुहार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष के ए अब्दुल कादर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीएसपी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और प्रबंधन से तत्काल समाधान की मांग की गई। सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से बीएसपी द्वारा सभी छोटे कार्यादेश को समाप्त कर एक बड़े कार्यादेश में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। बीएसपी ने अपने हर विभाग में कार्य करने विभिन्न श्रेणी के ठेकेदार का पंजीयन किया है, जिससे कई वर्षो से कार्य कर रहे छोटे ठेकेदार अपात्र होने के कारण कार्य से वंचित हो जाएंगे। इससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा। बैठक में सदस्यों ने प्रबंधन से अपील की कि अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। सदस्यों ने मांग की कि प्रबंधन की आवश्यकता अनुसार हर कार्य समय से करने वाले समस्त ठेकेदारों का ध्यान रखते हुए श्रेणी के अनुरूप ठेकेदारों को काम दिया जाए और वर्षो से चल रही परंपरा को खत्म न किया जाए। एक अन्य मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस जांच के दौरान श्रमिकों की फोटो खींचकर ठेकेदार पर मनमाना अर्थदंड बिना किसी सूचना के लगाया जा रहा है। जिसकी जानकारी ठेकेदार को वित्त विभाग द्वारा की जा रही सीधी कटौती से मिल रही है। एसोसिएशन ने मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए इस अर्थदंड को कम करने की मांग की है। बैठक में पात्रता मानदंड, समान कार्य मुद्दे पर केंद्रीय सूचना आयोग नई दिल्ली के दखल के बावजूद मैनेजमेंट द्वारा पहल नहीं किए जाने का मुद्दा उठा। इस अवसर पर संतोष खिरोडकर, पप्पू शर्मा, राजेश कुमार सचदेव, राम सुंदर मेहता, जी. मनोहरन नायर, केए अंसार आदि उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202501100900040 /ब-121/वर्ष 2024-25

एदत द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक सुमेरी बघेल पिता श्यामरतन निवासी देमार तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक के नाम पर दर्ज मौजा ग्राम सावनी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक सुमेरी बघेल पिता श्यामरतन अन्य के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 1123 रकबा क्रमशः 0.5100 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक सुमेरी बघेल पिता श्यामरतन निवासी देमार तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 23.01.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.01.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202501103300029 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कं. 202501103300029/अ-06 वर्ष 2024 आवेदक अजय कुमार सिन्हा पिता स्व. केजूराम सिन्हा निवासी ग्राम थनौद तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम थनौद प.ह.न.24 रा.नि.मं अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 70,71,2215, 2776 रकबा 0.4300, 0.1100, 0.5000. 0.3400 हैं. भूमि राजस्व अभिलेख में केजूराम, चोवा राम, दुर्गा प्रसाद, कौशिल्या, रमसिला, सभी पिता कोंदा उर्फभवंर सिंह, बागेश्वरी, चंपा बाई पिता भरतलाल अवध राम, डोमार अनुसुईया, सोनेश्वरी सभी पिता बृजलाल के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। सहखातेदार केजूराम पिता भवंर सिंह की मृत्यु दिनांक 07.05.2024 को हो चुकी की है। जो अपने जीवन काल में अपने हिस्से की भूमि को अपने पुत्र अजय कुमार सिंन्हा पिता स्व. केजूराम सिन्हा के नाम पर अपजीकृत वसीयतनामा दिनांक 12.04.2022 को निष्पादित किया गया है। अपंजीकृत वसीयतनाम के आधार पर खसरा नंबर 70, 71, 2215, 2776 रकबा 0. 4300, 0.1100, 0.5000. 0.3400 हैं. भूमि केजूराम पिता भवंर सिंह का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर वसीयतप्राप्तकर्ता अजय कुमार सिन्हा आ0 केजूराम सिन्हा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस व्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202501103300028 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कं. 202501103300028/ अ-06 वर्ष 2024 आवेदक अजय कुमार सिन्हा पिता स्व. केजूराम सिन्हा निवासी ग्राम थनौद तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम थनौद प.ह.न.24 रा.नि.मं अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 409, 662, 823, 1756, 2693 रकबा 0.3900, 0.0200, 0.0100, 0.2500, 0.3700 हे भूमि राजस्व अभिलेख में केजूराम, चोवा राम, दुर्गा प्रसाद, कौशिल्या, रमसिला, केकती सभी पिता भवंर सिंह, व तिजिया पति भवंर सिंह के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। सहखातेदार केजूराम पिता भवंर सिंह की मृत्यु दिनांक 07.05.2024 को हो चुकी की है। जो अपने जीवन काल मे अपने हिस्से की भूमि को अपने पुत्र अजय कुमार सिंन्हा पिता स्व. केजूराम सिन्हा के नाम पर अपजीकृत वसीयतनामा दिनांक 12.04.2022 को निष्पादित किया गया है। अपंजीकृत वसीयतनाम के आधार पर खसरा नंबर 409, 662,823,1756,2693 रकबा 0.3900, 0.0200, 0.0100, 0.2500, 0.3700 हैं. भूमि केजूराम पिता भवंर सिंह का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर वसीयतप्राप्तकर्ता अजय कुमार सिन्हा आ0 केजूराम सिन्हा के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज किया जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम दीपा शुद्धलवार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202501100400138/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दीपा शुद्धलवार आ./पति श्री दिनेश राव शुद्धलवार निवासी जयंती नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	579/37	0.056 हें 604.65 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00022 पीपरछेड़ी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430106700002

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00022 के अंतर्गत ग्राम पीपरछेड़ी के वर्तमान भूमिस्वामी चित्रेखा पिता/पति नंदकुमार पता मोहलई, पुष्पा पिता/पति नंदकुमार पता मोहलई, कमलाबाई पिता/पति नंदकुमार पता मोहलई, उषा पिता/पति नंदकुमार पता मोहलई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 450/2(0.0600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चित्रेखा पिता/पति नंदकुमार पता मोहलई, उषा पिता/पति नंदकुमार पता मोहलई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511116180

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी महेन्द्र कुमार साहू पिता/पति गंगुराम साहू पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 25/6(0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अविनाश कुमार साहू पिता/पति गंगुराम साहू पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चितरंजन प्रसाद वर्मा पिता स्व. केजू राम वर्मा, उम्र-63 वर्ष, निवासी- प्लाट नं. 15 सडक-6 प्रगति नगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना यह पुराना नाम चितरंजन वर्मा को त्याग कर नया नाम चितरंजन प्रसाद वर्मा, रख लिया हूँ । अत: आज से मुझे एवं मेरी पत्नि एवं बच्चों के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम चितरंजन प्रसाद वर्मा से ही जाना एवं पहचाना जावें।

शपथकर्ता
चितरंजन प्रसाद वर्मा
पिता स्व. केजू राम वर्मा
निवासी- प्लाट नं.15, सडक-6, प्रगति नगर रिसाली भिलाई
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं कीर्ति साहू (KIRTI SAHU) पति किशन साहू (KISHAN SAHU) उम्र- 43 वर्ष निवासी-गंगा नगर, भनपुरी, खमतराई-2, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ यह कि में उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। मेरी जन्मतिथि 20.02.1981 है। मेरा पुराना नाम घांसिन बाई (GHASIN BAI) पिता कार्तिक (KATIK) है तथा मैं पुराने नाम से जानी-पहचानी एवं पुकारी जाती थी, जो कि मेरे आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज, प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं शासकीय एवं अर्धशासकीय अभिलेखों/दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि मैंने अपना पुराना नाम घांसिन बाई (GHASIN BAI) पिता कार्तिक (KATIK) त्याग कर नया नाम कीर्ति साहू (KIRTI SAHU) पति किशन साहू (KISHAN SAHU) रख लिया है। यह कि घांसिन बाई (GHASIN BAI) पिता कातिक (KATIK) तथा कीर्ति साहू (KIRTI SAHU) पति किशन साहू (KISHAN SAHU) वे दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात - मेरा नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज, मार्कशीट, जन्मप्रमाण पत्र शासकीय अर्थशासकीय दस्तावेजों में परिवर्तित नाम की भिन्नता को दूर करने के व एक ही नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा एवं पुकारा जाने के लिये अपना परिवर्तित नये नाम का शासकीय राजपत्र के प्रकाशन में किये जाने बाबत् यह सक्षम अधिकारी द्वारा मांग पर सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
कीर्ति साहू

न्यूज गैलरी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बॉब लिक्विड सावधि जमा की शुरुआत की

रायपुर/नवप्रदेश। आज के परिवर्तनशील वित्तीय परिवेश में, ग्राहक जमा संबंधी ऐसे नए सॉल्यूशंस चाहते हैं जो सुनिश्चित और प्रतिस्पर्धी रिटर्न, लिक्विडिटी और फ्लेक्सिबिलिटी का मिश्रण हों। बचतकर्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने पारंपरिक सावधि जमा (एफडी) के लिए एक अनूठा विकल्प- बॉब लिक्विड सावधि जमापेश किया है।

बॉब लिक्विड सावधि जमा, सामान्यसावधि जमा से ज़्यादा रिटर्न कमाने के फ़ायदों को बचत खाते से जुड़ी आसान लिक्विडिटी की सुविधा के साथ जोड़ता है। यह जमाकर्ताओं को पूरी एफडीबंद किए बिना आंशिक आहरण की सुविधा प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि जमाकर्ता अपनी आकस्मिक वित्तीय ज़रूरतों को आवश्यकता पड़ने पर पूरा कर सकते हैं, जबकि शेष राशि मेंउसी एफडीमें अनुबंधित दर पर ब्याज प्राप्त होती रहती है। यह जमाकर्ताओं को अधिक रिटर्न, पूर्व भुगतान कमजुर्मानाऔर आवश्यकत ापड़ने पर धन राशि की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

विधायक साहू ने वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा का किया अनावरण

साजा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खैरी में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साजा के विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। जहां क्षेत्र भर से आए लोधी समाज के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी के अदम्य साहस का यह परिणाम हैं कि आज महिलाएं घरों से बाहर निकली हैं और अपने हक को लेकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी ने नारी समाज को समाज में उच्च स्थान दिया हैं और संबल प्रदान किया हैं। उन्होंने भारत देश में अपनी जान का बलिदान देने के लिए वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी को नमन किया एवं सामाजिक लोगों को उनकी प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर शुभकामना ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित सामाजिक जन, कार्यकर्ता, पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

1.98 किग्रा गांजा के साथ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

साजा/नवप्रदेश। थाना परपोडी स्टाफको सूचना मिली कि मनीष वर्मा निवासी पथर्रीखुर्द ने बिक्री हेतु अवैध मादक पदार्थ गांजा को घर में लाकर रखा हैं, सूचना के अधार पर थाना स्टाफव गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर विधिवत रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 01 किलो 980 ग्राम कीमती करीबन 29000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी मनीष वर्मा पिता रामबिलास वर्मा उम्र 26 साल साकिन पथरीखुर्द थाना परपोडी जिला बेमेतरा के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की गई हैं। उक्त कार्यवाही में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डिग्री लाल सोना, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक पुरूषोत्तम कुम्भकार, ओंकार, मुकेश पाल, रवि चंद्रवंशी, पीयुष सिंह, सौरभ सिंह, नुरेश वर्मा एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

छह माह से ग्रामीण कर रहे परेशानी का सामना, समस्या जस की तस, करोड़ों की स्वीकृति का कोई औचित्य नहीं

सावन में बही सड़क का आज तक नहीं हुई मरम्मत

■ **मामला हैं ब्लाक के ग्राम बगलेड़ी सड़क का, पीएमजीएसवाई से करोड़ों की हुई स्वीकृति**

साजा/नवप्रदेश । बीते साल के सावन की पहली बारिश में आई बाढ़ के चलते ब्लाक के ग्राम बगलेड़ी के मुख्य मार्ग का सड़क टूट व उखड़ कर बह गया था, जिससे वहां का आवागमन बंद पूरी तरह से हो गया था। सड़क के बह जाने ग्रामीणों को हुई दिक्कत व परेशानी को उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता। उस बहे सड़क पर मटेरियल डाल कर चलने लायक तो बना दिया गया, जिससे ग्रामीण जैसे तैसे अवागमन कर अपना काम चला रहें हैं। मगर उक्त सड़क को आज छह माह होने जा रहा हैं, मगर उसके संधारण/मरम्मत पर ना तो अधिकारी, विभाग, प्रसाशन, ठेकेदार कोई भी ना तो रुचि दिखा रहा, ना ही अपनी जिम्मेदारी समझा जा रहा हैं। जिसका खामियाजा लाचार, मजबूर, बेसहारा ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा हैं।

क्या औचित्य ऐसी करोड़ों की स्वीकृति की - सरकार व शासन द्वारा क्षेत्रवासियों, लोगों की सुविधा, समस्या, परेशानीयों को हल करने के उद्देश्य को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर राशि आबंटित की जाती हैं, मगर उनके ही अधिकारियों के द्वारा सरकार को चूना लगाने का कार्य किया जाता हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण व उदाहरण देखना हैं तो साजा विधानसभा आकर देखा जा सकता हैं। उक्त मामला जिलें के साजा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बगलेड़ी का हैं। जहां पर सड़क निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग से ग्राम केशतरा से ग्राम बगलेड़ी मार्ग के सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए करोड़ो रुपये की स्वीकृति की गई। मगर विभाग की घटिया व गुणवत्ताहीन कार्य होने के बाद भी उस गांव की आज की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। गांव में नाले पर जो नए पुल व नए सड़क निर्माण के बाद अभी भी यथावत समस्या बरकरार हैं।

मरम्मत व कार्यवाही दोनों दरकिनार - उक्त सड़क के मरम्मत व उस पर कार्यवाही को प्रसाशन व अधिकारियों दोनों के द्वारा दरकिनार कर दिया गया हैं। ग्राम बगलेड़ी के करोड़ो रुपये की स्वीकृति वाले सड़क के बहने पर आज छह माह होने को हैं, फिर भी ना तो उसका उसके मरम्मत की ओर ध्यान दिया जा रहा हैं, ना ही उसके ठेकेदार, अधिकारी पर अब तक कोई कार्यवाही की जा रही हैं। इसका मतलब उक्त ग्राम की सड़क की जो हालत हैं वह सही हैं? करोड़ो की सड़क के बहने में किसी की गलती नहीं हैं? अगर उनकी गलती नहीं हैं तो फिर उन ग्रामीणों की गलती हैं, जो इस ग्राम में निवास करते हैं। तो क्या वर्तमान सरकार इसी बात का सुशासन पर्व मना रही हैं? तब तो फिर कहा जा सकता हैं जय हो सुशासन की।

स्थल जांच की देखी गई कमी - उक्त ग्राम बगलेड़ी सड़क निर्माण कार्य पश्चात सामने आई वर्तमान स्थिति को देखकर स्वतः प्रमाणित होता हैं कि सड़क निर्माण कार्य के लिए स्टीमेट बनाते समय अधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण/जांच नहीं किया गया हैं। इससे साफ हो जाता हैं कि ऑफिस की एसी में बैठक स्टीमेट बनाकर सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति कराई गई हैं। अगर निर्माण कार्य के स्टीमेट बनाने के पूर्व स्थल (सड़क) का जांच/मुआयना किया गया होता तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। ग्राम में जाकर वस्तु स्थिति देखा जाता, ग्रामीणों से चर्चा किया जाता तो स्वतः ही कमोबेस की जानकारी हो जाती, उसके बाद जब स्टीमेट बनता व कार्य होता तो यह स्थिति नहीं निर्मित होती।

समाचार प्रकाशित कर ध्यनाकार्षित - पिछले साल माह अगस्त में हुई बारिश से ग्राम बगलेड़ी के सड़क के बह जाने का समाचार 10.8.2024 को नवप्रदेश में प्रकाशित कर शासन, जिला प्रसाशन, अधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित ठेकेदार तक उक्त मुद्दे व समस्या पर सभी का ध्यनाकार्षित किए जाने का प्रयास किया गया था। जिस पर तत्काल कार्य करते हुए उक्त बहने वाली सड़क पर मटेरियल डाल कर आवागमन हेतु कामचलाऊ टेम्पेयरी सुधार कार्य किया गया था। उसके बाद कोई भी ध्यान नहीं दिया गया। अब इस समस्या को लगभग छह माह होने जा रहा हैं, मगर समस्या जस की तस हैं। किसी को भी ग्रामीणों की सुध लेने की कोई चिंता नहीं।

> बाढ़ आपदा के तहत इस्टीमेट बनाकर उच्च कार्यालय को भेजा गया हैं, स्वीकृति मिलने पर कार्य कराया जायेगा।
> **अनुराग सिंह**, इंजीनियर

रमेश ठाकुर ने किया जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण

रमेश ठाकुर के नेतृत्व में रायपुर शहर जिला में भाजपा का झंडा हमेशा ऊंचा रहेगा : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित रायपुर (शहर) जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण किया। निवृतमान जिला अध्यक्ष जयंतीभाई पटेल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति में श्री ठाकुर को पद भार सौंपा।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पदभार कार्यक्रम में कहा कि भाजपा सेवा करने वाली पार्टी है जो जनता के समस्याओं को दूर करने वाली पार्टी है। लगातार जनता के बीच जाकर उनके हर सुख-दुख में शामिल होने वाली पार्टी है। उन्होंने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि अब आपको लोगों की समस्याओं के समाधान करने की दिशा में कार्य करना है। सीने में आग रखकर सभी कार्यकर्ताओं के समस्याओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि रायपुर में सांसद भाजपा का है, चारों विधायक भाजपा के हैं और आने वाले समय में रमेश ठाकुर के नेतृत्व में रायपुर का महापौर भी भाजपा का होगा और सभी पार्षद भी भाजपा के होंगे। उन्होंने रमेश ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देता हुए कहा कि अब रायपुर शहर जिले की बागडोर आपके हाथों में है और कमल फूल का झंडा हमेशा रायपुर में ऊंचा रखना है।

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने अपने पदभार ग्रहण करने पर सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि वह सभी नेताओं के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह रायपुर शहर में भाजपा की मजबूती के लिए कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे।

एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में अपराह्न हुए कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सभांग प्रभारी सौरभ सिंह, जिला प्रभारी खूबचंद पारख, विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल,प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हस्के, अमित साहू, नलिनीश ठोकने, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी, नंदे साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, छगनलाल मूंदड़ा, राजीव कुमार अग्रवाल अकबर अली सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में शरीक हुए।

राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ में चिटफंड पार्ट 2 हजारों करोड़ की लूट, सरकार मौन : डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रामेन डेका को गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदेश की हजारो गरीब महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारो से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी की राशि वापस करने एवं निवेश के नाम पर बैंको से दिलवाए गए ऋण को माफ करने के संबंध में पत्र लिखा है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, भाजपा राज में यह चिटफंड पार्ट 2 है, भाजपा की पिछली सरकार में भी प्रदेश के आम गरीब जनों के करोड़ों रुपए चित फंड के नाम पर लूट गए थे जिसे कांग्रेस की सरकार ने कुछ हद तक गरीबो के रूपये लौटने का कार्य किया था। वर्ष 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से चिटफंड कंपनियां सक्रिय हो गई है, गरीब, पढ़े लिखें युवा महिलाओ से मात्र 1 वर्ष में ही हजारों करोड़ों की धोखाधड़ी हो गयी है। लूटी गयी जनता परेशान है, भाजपा सरकार मौन है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश में गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र के बैंको से लोन दिलाने और दिए गए ऋण की राशि को अपनी कम्पनियों में निवेश करवाने के नाम पर प्रदेश के कोरबा, जांजगीर, बालोद समेत छत्तीसगढ़ के 10-12 जिलो की लगभग 40 हजार महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगार युवकों से हजारों करोड़ रूपये से अधिक की ठगी कोरबा की फ्लोरामेक्स कम्पनी और बालोद की सप्तऋषि संस्थान सहित सैकड़ो गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा महिलाओं को भरोसा भी दिलाया गया था कि लोन की किश्त की राशि कम्पनी द्वारा भुगतान की जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मिशन मौसम का शुभारंभ...

प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, जिसमें डॉपलर मौसम रडार, स्वचालित मौसम केंद्र, रनवे मौसम निगरानी प्रणाली और जिलावार वर्षा निगरानी केंद्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिनमें से सभी को अपग्रेड किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में मौसम विज्ञान को अंतरिक्ष और डिजिटल प्रौद्योगिकी से बहुत लाभ होता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास अंटार्कटिका में मैत्री तथा भारती नामक दो मौसम संबंधी वेधशालाएं हैं और पिछले साल सुपरकंप्यूटर आर्क और अरुणिका पेश किए गए थे, जिससे विभाग की विश्वसनीयता बढ़ी है।

'मेघदूत मोबाइल ऐप'

उन्होंने बात पर जोर दिया कि विज्ञान की प्रासंगिकता न केवल नई ऊंचाइयों को छूने में है, बल्कि आम आदमी के जीवन को आसान बनाने में भी है। उन्होंने कहा कि विभाग ने सभी तक सटीक मौसम की जानकारी पहुंचाकर इस मानदंड को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी' पहल अब 90 प्रतिशत से अधिक लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति पिछले और आगामी 10 दिनों की मौसम की जानकारी कभी भी प्राप्त कर सकता है, यहां तक कि व्हाट्सएप पर भी पूर्वानुमान उपलब्ध है।

डोडा, सांबा और कठुआ...

तत्वों, विशेष रूप से आतंकवादियों की सहायता करने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफअपने अभियान तेज कर दिए हैं। पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में ऐसे नौ लोगों के खिलाफआरोप पत्र दायर किया है। कहा कि जिले के बाहरी इलाकों में स्थित हमारी इकाइयां अधिकतम अलर्ट पर हैं। हमारा ध्यान राष्ट्र विरोधी तत्वों पर है, ताकि आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म किया जा सके।

मुख्यमंत्री का ऐलान : पत्रकार मुकेश ...

सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। क्या ये कांग्रेस के नेता संविधान को मानते हैं, उन्होंने कभी पढ़ा है? संविधान के तहत ही आरक्षण की प्रक्रिया हुई है। सभी पदों में पर्याप्त आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए मिला है। कांग्रेस का इतिहास आरक्षण के विरोध का रहा है।

भय, भ्रम और भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीति...

देगी। चुनाव के बाद ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधत्व पूर्व से अधिक होगा।

अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 33 जिला पंचायत हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, अधिकतम 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है। 33 जिलों में 16 जिला अधुसूचित क्षेत्र है। पंचायती राज अधिनियम में अधिसूचित क्षेत्रों में एसटी वर्ग के लिए सीटें आरक्षित हो सकती हैं। राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग को 13 तक प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था के तहत 4 सीटें आरक्षित है। इस तरह से कुल 33 पद में 20 सीटें आरक्षित हो गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण हो जाता है, ऐसे में अध्यक्ष पदों पर ओबीसी आरक्षित सीटें नहीं हो सकती। जनपद अध्यक्ष, ग्राम पंचायत में सरपंच और जिला पंचायत सदस्यों को ओबीसी आरक्षण दिया गया है। कांग्रेस आरक्षण के मुद्दे पर बवाल करने में लगी, कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने में लगी है।

छग ही एक ऐसा राज्य, जहां भांजे ...

है, आज तस्वीर बहुत कुछ बदली-बदली सी नजर आ रही है। यहां विकास के काम तेजी से हुए हैं और लगातार हो ही रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। खासकर सरगुजा और बस्तर जिले में अनेक ऐसे सुंदर स्थान हैं, जो पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। ऐसे स्थलों को चिन्हित कर पर्यटन स्थलों का विकास तेजी से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 300 बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। उन्होंने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए सभी के सुखमय गृहस्थ जीवन की मंगल कामना की।

इस साल किसान भाइयों के घरों में रिकॉर्ड पैसा आने वाला है। अभी किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है, शीघ्र ही उनके खातों में अंतर की राशि भी भेज दी जाएगी। हमारी सरकार राज्य के गरीब परिवारों को पांच साल तक निःशुल्क राशन उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को हमने चार हजार रूपये से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है।प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से प्रदेश के लाखों परिवारों में खुशी और समृद्धि आई है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के कमजोर वर्गों के जीवनस्तर में सुखद बदलाव लाने का काम किया है। इस अवसर पर सामरी विधायक

अधिकारी भी हैदराबादी, और खेल...

अधिकारी (डीएफओ कोरिया) को पत्र सौंपकर भर्ती निरस्त करने मांग रखी गई है. जिसमें बताया गया है कि फिजिकल टेस्ट में वन अधिकारी और स्टाफ के रिश्तेदार भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए हैं। अभ्यर्थियों ने इसकी शिकायत वनमंत्री, पीसीसीएफ, सीसीफसरगुजा को भी भेजी है।

भक्त माता कर्मा वार्ड से भाजपा नेत्री जानकी देवी शर्मा की पार्षदी के लिए दावेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा नेत्री जानकी देवी ने भक्त माता कर्मा वार्ड नंबर 67 से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने की चर्चा है। इनकी दावेदारी से विरोधी दलों के होश उड़े हुए हैं। इसके पीछे कारण है कि इनकी सक्रियता से विपक्षी दलों से पार्षदी के लिए खड़े होने के संभावित उम्मीदवारों में हड़कंप है। जानकी देवी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और वार्ड की जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। ये भले ही आठवीं तक पढ़ी हैं लेकिन वे अपने वार्ड की समस्या के प्रति शुरू से ही जागरूक हैं। लोगों के सुख-दुख में शरीक होती हैं। इसके पीछे कारण भी है कि मितानिन की भूमिका में रहते हुए लोगों के लिए सेवा कार्य में जुटी हैं। इनके पुत्र भगवताचार्य डॉक्टर आचार्य यशवंत शर्मा, पंडित चित्रेश कुमार शर्मा, डॉक्टर शितेष शर्मा व पंडित थानेश्वर शर्मा हैं। न्यू चंगोराभाठा में इनका निवास स्थान है। इनके पति स्वर्गीय शिवकुमार शर्मा 24 साल तक भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में भूमिका निभा चुके हैं। जिन्होंने बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्रों में कार्य किया है। श्रीमती जानकी देवी शर्मा मितानिन के कार्य सहित भाजपा के पार्टी कार्यों की गतिविधियों में भाग लिया है। इसके साथ ही जानकी देवी शर्मा ने विधानसभा, लोकसभा व पार्षद चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाईं हैं। इसके अलावा अनेक धार्मिक कार्य, सामूहिक विवाह, गरीब बच्चों की पढ़ाई एवं मंदिर आदि के निर्माण कार्य में भी सदैव सहयोग दिया है। इनके उक्त कार्यों को देखते हुए वार्डवासी भी चाह रहें हैं जानकी देवी शर्मा को ही पार्षदी का भाजपा की ओर से उम्मीदवार बनाया जाए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा जिला-रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष नं. 07701-233830 ई-मेल cmognawapara@gmail.com

क्रमांक/2168/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 — गोबरा नवापारा, दिनांक 14/01/2025

// मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा अंतर्गत राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत प्राप्त स्वीकृति अनुसान नगर में 03 नग सार्वजनिक /सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य कराया जाना है, उपरोक्त कार्य CGPWD Road and Building SOR 2015 से किया जाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद लिफाफे में रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट (डाक) के माध्यम से मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा जारी होने की तिथि - 14.01.2025
2. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 20.01.2025 (सायं 5.00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 24.01.2025 (सायं 5.00 बजे तक)
4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 29.01.2025 (सायं 5.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि - 30.01.2025 (प्रातः 11.00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम	अनु. ला. राशि रु. (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र	समयावधि
1	2	3	4	5	6
01	सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय मरम्मत/उन्नयन कार्य (03 नग)	06.96	5220.00	750.00	02 माह

निविदा प्रपत्र निकाय से प्रदाय किया जायेगा। उपरोक्त निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा

कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Telephone 07726-221068 Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्र./1390/लो.नि.वि./न.पा.प./2024-25 — भाटापारा, दिनांक 14.012025

।। चतुर्थ ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ।।

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि से कार्य कराए जाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख)	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	164296	केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्र. 24 में रैन बसेरा आश्रय स्थल निर्माण कार्य।	50.00	27.01.2025

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.Uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. जल ही जीवन है, पानी को व्यर्थ ना बहावें।
2. खुले में शौच प्रथा बंद कर स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद भाटापारा

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice

Main Portal : http://eproce.cgstate.gov.in

NIT No.2658/RMC/2025 — RAIPUR, DATED 14/01/2025

Online bids are invited for the following works up to 04/02/2025 at 17:30 hours.

sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Min Reserve Price
1.	164302	REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the operation, maintenance, and utilization of installed Big-unipoles in front of Irrigation Office Bhagat Singh Chowk for Advertising Purposes.	20,000,00.00

The details can be viwed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 14/01/2025 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above menitioned poetal NIT Deatails and other documents.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electrocinc Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk. eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

TOWN PLANNER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00026 चंगोरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107900003

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम चंगोरी के वर्तमान भूमिस्वामी माहेश्वर प्रसाद देशमुख पिता/पति बिशाल प्रसाद देशमुख पता चंगोरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमाक 447/1 (0.0300), 452(0.0500), 490/5 (0.2500), 586/2 (0.0450), 590/1 (0.1600), 1/1 (0.2900), 94(1.6500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हर्ष कुमार देशमुख पिता/पति स्व. माहेश्वर प्रसाद देशमुख पता-चंगोरी, पूनम हरमुख पिता/पति स्व. माहेश्वर प्रसाद देशमुख पता-चंगोरी, नीराबाई देशमुख पिता/पति स्व. माहेश्वर प्रसाद देशमुख पता-चंगोरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 08/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी तक

धमतरी/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी तक है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे अविवाहित महिला/पुरूष, जिनका जन्म एक जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य हुआ है, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र हैं। आवेदक किसी भी केन्द्रीय अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12 वीं 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए, ऐसे सभी आवेदक वायुसेना में अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए ऑनलइार्न आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी और ऑनलाईन पंजीयन हेतु शासन की वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in पर लॉगिन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय द्वारा वायुसेना आवेदन पंजीयन की सुविधा दी जा रही है।

जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली और जिले में दुर्घटनाओं से होने वाले जान, माल की हानि को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाए और स्कूली बच्चों को लाने-ले-जाने वाले वाहनों की नियमित जांच की जाए। इसके साथ ही प्रदूषण जांच, कंडम वाहन, प्रेशर हार्न, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन चालन के दौरान मोबाइल का उपयोग, नशा कर वाहन चालन इत्यादि पर कार्यवाही तथा मुख्य मार्ग में अनाधिकृत खड़े वाहन एवं फिटनेस जांच की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज, हाट-बाजार, चौक चौराहा और बस स्टैण्ड इत्यादि में अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने बैठक में कहा गया। बैठक में शिक्षा विभाग को नाबालिग विद्यार्थियों के द्वारा दोपहिया वाहन में शाला आने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं लोक निर्माण विभाग को शहर के प्रमुख मार्गों में हल्के एवं भारी वाहनों के लिए गति सीमा बोर्ड लगाने, नगरनिगम को जिले के राष्ट्रीय, राजकीय और अन्य मार्ग में आवारा घूमने व बैठे रहने वाले मवेशियों की आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया। इसके साथ ही जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया कि विकासखण्ड स्तर पर माह में एक बार सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित करना सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कहा गया।

संयुक्त कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे संयुक्त कलेक्टर के समक्ष रखा। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में मंगलवार को कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदक रामनारायण निवासी ग्राम बरकेला तहसील मनेंद्रगढ़ चुनाव हेतु वर्ग आरक्षण जनसंख्या के अनुसार नहीं किये जाने के संबंध में, दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी फव्वारा चौक मनेंद्रगढ़ लीज नवीनीकरण कराये जाने के संबंध में, उर्मिला ग्राम रतौरा केल्हारी ग्राम रतौरा में स्थित वन भूमि कम्पार्टमेंट/खसरा न. 738 क्षेत्रफल/रकबा 1.600 हे. भूमि का धान उपज धान मंडी द्वारा न खरीदी करने के संबंध में, निरपत सिंह गोंड निवासी ग्राम रतौरा केल्हारी ग्राम रतौरा में स्थित वन भूमि कम्पार्टमेंट/खसरा न. 739 ए क्षेत्रफल/रकबा 1.47 हे. भूमि का धान उपज धान मंडी द्वारा न खरीदी करने के संबंध में, हीरा सिंह निवासी रतौरा केल्हारी ग्राम रतौरा में स्थित वन भूमि कम्पार्टमेंट/खसरा न. 739 ए क्षेत्रफल/रकबा

संस्कार शाला में मानवीय गुणों को विकसित करने के सिखाए जाते हैं गुर

■ **बाल संस्कार शाला वार्षिकोत्सव एवं युवा दिवस समारोह का आयोजन**

नवागढ़/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार बेमेतरा द्वारा जिलास्तरीय बाल संस्कार शाला वार्षिक उत्सव एवं युवा दिवस समारोह ग्राम टेमरी में आयोजित किया गया। सुबह 400 से अधिक बच्चों एवं युवाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों को नशा न करने व युवाओं को सृजन के कार्यों में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम सरपंच एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा धर्म ध्वजा फहराकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन में मिलाप राम साहु ने बाल संस्कारशाला के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि संस्कार शाला में प्रत्येक रविवार दो घंटे बच्चों को निशुल्क योगासन, प्राणायाम ,गीत ,कहानी प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ रहने एवं मानवीय गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। खेलकूद अंतर्गत बच्चों के द्वारा मनोरंजन खेल बाल पासिंग, बाल गिराना,रिंग दौड़ संकली, प्रश्नोत्तरी दौड़,सुई धागा, चम्मच दौड़, कोन जमाओ एवं जलेबी खाओ आदि खेल खेले गए। संस्कार शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा एक अभिशाप, खर्चीली शादी, योग डेमो, राउत नित्य एवं प्रेरणाप्रद गीतों का प्रदर्शन किया गया। जिसने सभी दर्शको का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने कहा बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं ।उसे किसी भी रूप में ढाला जा सकता है। यह कार्य बाल संस्कारशाला के माध्यम से किया जा रहा है जो की बहुत ही सराहनीय है ।युवाओं को नशा से दूर रहकर अपने को स्वस्थ रखते हुए अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि स्वतंत्र साहू, डॉ जीवन साहू ने भी सम्बोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः धोबघट्टी, तिलाई कूड़ा, चिचोली रहे। युवा सम्मान 2025 नारी जागरण हेतु कुमारी मोहनी साहू, युवा जागरुकता कार्यक्रम के लिए इंद्र कुमार वर्मा, दिलेश्वर साहू, कुलदीप वर्मा, बलराम साहू को प्रदान किया गया।

मंच संचालन हंसराम साहू ने किया। राष्ट्रगान एवं हम बदलेंगे, युग बदलेगा, हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा,भारत माता की जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान सरपंच शारदा साहू, अखिलेश यदु, लक्ष्मी नारायण साहू, कमोद ठाकुर, सुरेंद्र साहू, अश्वनी बघेल, रोहित साहू, रामजी साहू, भारती, उमेश्वरी, परमेश्वर यदु, गायत्रीसाहू, सुषमा यदु, उत्तम देवांगन, डॉ नरेंद्र साहू, भवानी प्रसाद साहू, हरबती साहू, आरती, भानुमति, दीपेश्वरी, टॉमिन, मोनिका साहू, प्रीति, प्रखर यदु आदि उपस्थित रहे।

विधायक साहू सहित संभागायुक्त एवं कलेक्टर की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक

नए मेला स्थल में होगा राजिम कुंभ कल्प का आयोजन

■ **मुख्यमंच, दुकान, मीना बाजार भी सजेगी, पार्किंग, हेलीपैड की भी रहेगी व्यवस्था**

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में राजिम विधायक श्री रोहित साहू, रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल सहित धमतरी महासमुंद एवं रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार लगभग 52 एकड़ क्षेत्र में फैले नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जाएंगे। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा।

बैठक में मौजूद

विधायक श्री साहू, संभाग आयुक्त श्री कावरे एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक श्री साहू ने राजिम कुंभ कल्प मेला को भव्य तरीके से आयोजित करने सभी व्यवस्था अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने रायपुर, महासमुंद, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग श्री प्रतापचंद पारख सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

मेला स्थल को जोड़ने बनेंगी सड़क

बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे ने बताया कि राजिम मेला 12 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी। गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने में आसानी होगी। इसके लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही घाट निर्माण, मरम्मत एवं आसपास साफ सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संत समागम एवं गंगा आरती होगा पुराने स्थल में

बैठक में बताया गया कि पुराने स्थल में केवल संत समागम एवं गंगा आरती का आयोजन होगा। इसके अलावा सभी आयोजन एवं गतिविधियां नए मेला स्थल में आयोजित की जाएगी। पुराने स्थल पर कोई भी अस्थाई दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। सभी अस्थाई दुकान नई जगह पर लगाई जाएगी। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने नए स्थल पर लगने वाले मीना बाजार एवं पार्किंग स्थल के लिए टेंडर प्रक्रिया के लिए जरूरी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों का आबंटन एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित के द्वारा की जाएगी। इसके लिए भी तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

विभागों को सौंप गए दायित्व

राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति, अस्थाई शौचालय निर्माण, पाइपलाइन एवं पानी टंकी की तैयारी समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को अस्थाई अस्पताल सहित पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस एवं अन्य मेडिकल सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार विद्युत विभाग को लाइटिंग की व्यवस्था, पुलों पर लाइटिंग के साथ सजावट, मेला स्थल में टावर लाइट एवं पार्किंग स्थल में लाइट आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र खोलने खोलने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए। नगरीय प्रशासन विभाग को साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या सहित मंदिर एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के शहरी और ग्रामीण सहित दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, मांग और शिकायत संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के समक्ष लोगों ने अपनी समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे, जिसे कलेक्टर ने बारी-बारी से प्राप्त किया और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जनदर्शन में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें बंटवारा दिलाने, नामांतरण, फौती, नल कनेक्शन प्रदाय करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने इत्यादि संबंधी आवेदन शामिल हैं ।

नपा अधिकारियों की टीम ने वार्डों का हाल जानने किया निरीक्षण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन का संचालन प्रत्येक निकाय क्षेत्र में किया जा रहा है। ताकि योजना से संबंधित लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाया जा सके। जिस हेतु नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा, उप अभियंता शिव गर्ग, प्रभारी सफाई दरोगा दिनेश साहू तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने दायित्व का भलीभांति निर्वहन कर नागरिकों को स्वच्छता, साफ सुथरा वातावरण, उचित स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने, गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य कराने का प्रयास कर रहे हैं।

आवास योजना का कार्य 99 % पूर्ण

नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। नपा के सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने बताया आवास योजना में कुल 1432 आवेदन स्वीकृत हुए थे जिसमें से 1408 आवास पूर्ण हो चुके हैं शेष प्रगतिरत हैं।

स्वच्छता पर विशेष जोर

स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े लोगों द्वारा 24 घंटे के भीतर निदान, 1100 के माध्यम से फ़ोन के माध्यम से शिकायत पंजीयन एवं समय पर निराकरण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि तक सफाई की जा रही है। मॉर्निंग विजिट कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता एवं सफाई प्रभारी के कार्यों का अवलोकन कर त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

यूनिक आईडी एवं बार कोड का वितरण

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा ने सभी प्रकार के कारों का भुगतान करने हेतु सभी वार्ड के प्रत्येक घरों का यूनिक आईडी एवं बार कोड बनाया है जिससे घर बैठे ही लोग इसकी मदद से भुगतान कर सकते हैं। आईडी बांटने का कार्य राजस्व निरीक्षक निखिल चंद्राकर के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा घर घर में वितरण किया जा रहा है।

मकर संक्रांति पर कुलेश्वर महादेव का अलौकिक श्रृंगार

राजिम/नवप्रदेश। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्थित श्री कुलेश्वरनाथ महादेव का श्रृंगार सफेद तिल, काली तिल, तिल के लड्डू, तिल की पापड़ी, मूंगफली की पापड़ी एवं लड्डू से विशेष श्रृंगार किया गया।

यातायात जागरूकता शिविर

खैरागढ़/नवप्रदेश। यातायात जागरूकता शिविर के तहत यातायात पुलिस द्वारा जारी अभियान के तहत फतेह सिंह मैदान में यातायात पुलिस व आरटीओ के संयुक्त टीम के द्वारा वाहनो के दस्तावेज नियमित किए गए। इस दौरान जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर शिविर मे पहुँचे 15 लोगों का लर्निंग लाइसेंस, 25 वाहन चालको के वाहनो का बीमा दस्तावेज तथा17 लोगों का पॉल्यूशन पेपर अपडेट कर मौके पर ही दिया गया । शिविर मे यातायात पुलिस के द्वारा बिना नंबर प्लेट वाहनों पर तत्काल नंबर प्लेट लिखवा कर लगभग 52 गाडियों को लगाकर निराकरण किया।यातायात जागरूकता शिविर दौरान 26 जनवरी रिहर्सल परेड में आए पुलिस के अधिकारियों कर्मचारियों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के संबंध में शासन के आदेश जानकारी देकर हेलमेट लगाने प्रेरित किया और समझाइश दी गई इससे प्रेरित होकर पुलिस विभाग के 38 अधिकारियों और जवानों ने हेलमेट लेकर हेलमेट पहनने की शपथ ली। फतेह मैदान में परेड में आए स्कूली छात्रो को भी इस दौरान शिविर मे यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने की जानकारी दी गई।

मेला स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं -कलेक्टरमेला स्थल पर

■ **नए मेला स्थल के समुचित उपयोग के लिए लेआउट प्लान बनाने में दिए आवश्यक मार्गदर्शन**

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बैठक के पश्चात अधिकारियों सहित नए मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए जगह निर्धारित करने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न जगहों में पहुंचकर मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग मीना बाजार, फूड जोन एवं आवागमन के लिए रास्तों के विकल्प सहित हेलीपैड के संबंध में स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को ले आउट बनाने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नए मेला स्थल के लगभग 52 एकड़ क्षेत्रफल का समुचित उपयोग कर सभी गतिविधियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थल में जगह की कमी नहीं है, इसलिए सभी आयोजन के लिए जगह निर्धारित कर भव्य रूप से मेला आयोजन की तैयारी सुनिश्चित की जाए।

स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने का दिया संदेश

नवागढ़/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू बघेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, अध्यक्षता मंजूलता रात्रे अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़ एवं विशेष अतिथि सौरभ ताम्रकार, नवनीत सिंह खुराना, नीलेश जायसवाल ,सोम ठाकुर द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बघेल ने राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। जो समाज को राष्ट्र को समृद्धि एवं विकास की ओर ले जाता है साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सफलता के मार्ग को प्राप्त किया जा सकता है।जिस प्रकार एक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि अच्छे से पढ़ाई कर अपने माता पिता ,विद्यालय,और समाज का नाम रोशन करते हुए उच्च प्रतिष्ठित पद पर काबिज हो और निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे।

राष्ट्रीय युवा दिवस के इस अवसर पर विवेकानंद विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा नगर भ्रमण करके समस्त नगर वासियों को विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक,नृत्य,युवा संगोष्ठी एवम् व्यापारिक स्टॉल के साथ अभिभावकों के लिए विविध खेल व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी होनहार छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रगट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
170/159630	Aristic Painting work in Vidhan sabha main building, Speaker House, Sahid Garden & Other building under Vidhan Sabha Sub. Dn.Raipur (C.G.)	रु. 44.08 लाख
211/163702	Balance Work of B.T. Patch Repair at Various Roads of Nardaha Section & Kharora Section Under Vidhan Sabha Sub Dn. Raipur (C.G.)	रु. 39.97 लाख

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.01.2025 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
जी-242505298/4 लो.नि.वि. मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
उद्घोषणा
आनलाईन नं. अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रियंका नत्थानी पति गौरव नत्थानी निवासी अशोका इन्क्लेव सेक्टर-35, फरीदाबाद (हरियाणा) के नाम पर ग्राम हथनी प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नं. 382/4 रकबा 0.0210 हेक्टेयर अर्थात क्षेत्रफल 2275 वर्गफुट लगान 0.05 रुपए भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए खसरा, नक्शा, बी-1 एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत दिनांक 23.01.2025 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2025/1013/277 भिलाई, दिनांक 06/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने अंतिम की तिथि	निविदा विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 49 साहू आटा चक्की से सिद्धी विनायक मंदिर तक व मछली मार्केट तक जी.ई. पाईप लाईन विस्तार कार्य।	6.00	21.01.2025	28.01.2025
2	वार्ड क्र. 46 शर्मा आश्रम, मांझी चौक के पास पाईप लाईन विस्तारीकरण कर अतिरिक्त सुविधा प्रदाय कार्य।	6.00	21.01.2025	28.01.2025
3	वार्ड क्र. 44 लक्ष्मीनारायण नगर, उड़िया मोहल्ला, गणेश मंच, गोकुल नगर, पंपहाउस लाईन, अम्बेडकर चौक के विभिन्न स्थानों में जी.आई. पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल खनन कार्य।	6.00	21.01.2025	28.01.2025
4	पार्षद निधि (वार्ड 47) अंतर्गत मंगल भवन का संधारण एवं नयी सुविधाओं का व्यवस्था करने का कार्य।	4.00	21.01.2025	28.01.2025
5	पार्षद निधि (वार्ड 42) अंतर्गत सुभाष मार्केट शिव मंदिर के पास सार्वजनिक भवन का साधारण एवं नयी सुविधाओं का व्यवस्था करने का कार्य।	2.00	21.01.2025	28.01.2025
6	वार्ड क्र. 42 गौतम नगर, श्रीराम वाटिका के पास सामुदायिक भवन में नयी सुविधाओं का व्यवस्था करने का कार्य	5.50	21.01.2025	28.01.2025
7	वार्ड क्र. 43 बापू नगर, राजीव नगर नहर के पास एवं पार्षद निवास के आसपास के क्षेत्रों में सीमेंटीकरण सह नाली/पुलिया निर्माण कार्य।	3.00	21.01.2025	28.01.2025
8	वार्ड क्र. 46 नंदगैया पारा में पाईप लाईन विस्तारीकरण कर अतिरिक्त सुविधा प्रदाय कार्य।	6.00	21.01.2025	28.01.2025
9	वार्ड क्र. 49 नीलकंठ को-आपरेटिव के पास गार्डन संधारण सह निर्माण कार्य।	2.00	21.01.2025	28.01.2025
10	वार्ड क्र. 44 लक्ष्मीनारायण नगर अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पुलिया एवं नाली का स्लोप संधारण कार्य।	3.91	21.01.2025	28.01.2025
11	वार्ड क्र. 43 बापू नगर में अशोक चौक एवं शास्त्री चौक में स्थित मंच का संधारण कार्य।	2.33	21.01.2025	28.01.2025
12	वार्ड क्र. 43 मोची मोहल्ला में सामुदायिक भवन का संधारण कार्य।	2.22	21.01.2025	28.01.2025
13	वार्ड क्र. 44 लक्ष्मीनारायण नगर अंतर्गत विभिन्न स्थानों में नाली एवं चेम्बर वन आर.सी.सी. कव्हर संधारण कार्य।	3.90	21.01.2025	28.01.2025
14	वार्ड क्र. 39 सुभाष नगर स्वीपर मोहल्ला में अटल आवास का साधारण कार्य। (छठवीं बार)	10.00	21.01.2025	28.01.2025

निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किए जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।
(घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।

जोन आयुक्त
शिवाजी नगर जोन-04
नगर पालिक निगम, भिलाई

न्यूज गैलरी

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अंतर्गत (संचा. संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. कुरुद के अधीनस्थ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं कियान्वयन हेतु कार्या. सहायक अभियंता उपसंभाग मगरलोड में दिनांक 15 जनवरी उपसंभाग कुरूद में 16 जनवरी , एवं उपसंभाग भखारा में 17 जनवरी को प्रातः 10:00 से सायं 3:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त तिथियों में आयोजित शिविर में संबंधित क्षेत्र के ग्रामवासी / उपभोक्तागण ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

स्कूली छात्रों ने मकर संक्रांति पर्व पर चांवल, दाल,तिल का दान किया

नगरी/नवप्रदेश। नव ज्योति विद्या मंदिर सांकरा में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर माँ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा चांवल ,दाल, तिल, का दान किया गया। संचालक मुकेश राव नन्नावरे ने बताया कि मकर संक्रांति हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है जो सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के दौरान मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव, चंद्र देव और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व होता है।इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है। इसलिए इसे उत्तरायण संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। मकर संक्रांति और उत्तरायण के दिन स्नान-दान करना और पतंग उड़ाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक है। इस दिन से खरमास खत्म हो जाता है। जिससे शुभ व मांगलिक कार्यों की फिर से शुरुआत हो जाती है।मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल, और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। साथ ही, इस दिन खिचड़ी बनाने और दान करने की परंपरा भी विशेष महत्व रखती है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवन कुमार निर्मलकर, सहायक शिक्षक ललिता साहू ,पार्वती साहू, दिनेश्वरी पटेल, कु.रीना साहू,कु. खिलेश्वरी साहू, दामिनी साहू,कु.एकता साहू,कु.भगवती चतुर, कु.सानू नाग,कु.शशिकला पटेल , कु.सरिता कश्यप, कु. दीपिका ध्रुव खेमेश्वरी गोदावरी एवं दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी यतिन पटेल उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम से मिल रूपेंद्र साहू ने की नगर पंचायत अध्यक्ष की दावेदारी

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से मिल रूपेंद्र साहू ने की नगर पंचायत अध्यक्ष की दावेदारी दावेदार, नगरी-नगर निकाय चुनाव के चलते नगरी नगर पंचायत के चुनाव मैदान में उतरने तैयार लोग भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से मिलकर दावेदारी पेश कर रहे हैं साथ पूर्व विधायक श्रवण मरकाम के पास अपने दावेदारी पेश किया गया साथ इसी दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नगरी के प्रबल दावेदार रूपेंद्र साहू, ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से मिलकर नगर अध्यक्ष की दावेदारी पेश किया इस मौके पर ईश्वर लाल साहू साहू समाज अध्यक्ष नगरी,बीर साहू संरक्षक साहू समाज,नरेंद्र नाग अध्यक्ष हल्बा समाज, सुरेश साहु नगर कोषाध्यक्ष साहु समाज, गोकुल देवांगन, रायसिंह साहू,कमलेश निर्मलकर, इत्यादि शामिल थे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से मिले वार्ड क्रमांक नगरी-नगर निकाय चुनाव के चलते नगरी नगर पंचायत के चुनाव मैदान में उतरने तैयार लोग भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से मिलकर दावेदारी पेश किया इस मौके रवेन्द्र कुमार साहू, लोकेश साहू सहित पूर्व पार्षद भूपेंद्र कुमार साहू,बुथ अध्यक्ष उधोलाल साहू उपस्थित थे।

कांग्रेस का हर कार्यकर्ता नगरी निकाय चुनाव जीतने पूरी ताकत झोंक दें - भागवत साहू

राजनांदगांव /नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने गत दिवस डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद, डोंगरगांव, छुरिया और लाल बहादुर नगर पंचायत में की बैठक लेकर नगरी निकाय आम चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में जोश भरा गया। श्री साहू ने आगे कहा कि अध्यक्ष और पार्षद के उम्मीदवार पार्टी का चाहे जो भी नामधारी हो उन्हें पार्टी का प्रतिनिधि जानते समझते हुए

एकजुट से भारी बहुमत से जितना है। मन भेद जैसे अंतर कलह जैसी स्थिति पराजय का कारण बनती है। इसलिए एकजुट से भारी बहुमत से पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलानी है। इतना ही नहीं आम जनता को केंद्र व राज्य में भाजपा कि गलत रीति नीति के खिलाफ जागरूकता लाना है और उन्हें अपने पक्ष में करना है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को सिपाही की तरह समझते हुए। इस चुनावी युद्ध में जीत के संकल्प के साथ तन मन धन से और दिन रात एक करते हुए भीड़ जाना है। उनके संबोधन से पार्टी का हर एक कार्यक्रम करता हर एक कार्यकर्ता और ऊर्जान्वित हुए बिना नहीं रहा। बैठक शुरू से समाप्ति में मुख्य रूप से पर्वेक्षक व ब्लाक अध्यक्ष में नगर पालिक निगम डोंगरगढ़ से किशन खंडेलवाल, विजय राज सिंह, नगर पंचायत छुरिया विरेन्द्र कुमार बोरकर, रितेश जैन, राजकुमार सिन्हा कार्य, अध्यक्ष नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंजुम अलवी, हीरा सोनी, नगर पंचायत डोंगरगाँव विवेक वासनिक, चेतन दास साहू सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बैठक : नशा मुक्त भारत, आगामी माह में चलेगा जनजागृति अभियान

कोटपा अधिनियम अंतर्गत जिले के सभी शासकीय भवनों को तंबाखू मुक्त किया जाएगा

समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी

भटगांव/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत संचालित जनजागृति अभियान सहित विभिन्न विषयों पर एजेंडावार चर्चा की गई तथा आगामी माह में आयोजित कार्यक्रमो में व्यापक जनजागृति अभियान संचालित करने तथा शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने के लिए योजना बनाने की निर्देश दिए जाकर कार्य करने हेतु संबंधी विभागों को निर्देशित किया गया है। बैठक में कोटपा अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न विभागों को उनके दायित्व के संबंध में

अवगत कराते हुए अधिनियम अनुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी योजना के कार्यकर्ताओ हेतु प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए है। जिले में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना एवं संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण को निर्देशित किया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन, एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू , शिक्षा शर्मा, सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, महिला बाल विकास अधिकारी विजेंद्र ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल , डीपीएम नंदलाल इजारदार, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाखू मुक्त कार्यक्रम डॉ.इंदु सोनवानी, पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि, नशा मुक्ति हेतु कार्यरत संस्था प्रतिनिधि सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से राष्ट्रीय तंबाकू मुक्त कार्यक्रम की नोडल अधिकारी द्वारा कोटपा अधिनियम के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी जाकर अधिनियमों के अनुसार विभाग के दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया।

भाजपा के प्रयासों से पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण, कांग्रेस आरक्षण विरोधी : अरुण साव

कांग्रेस का बवाल करवाने का बयान निंदनीय, कांग्रेस प्रदेश में कानून व्यवस्था को खराब करने का लगातार षड्यंत्र कर रही है

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि हमने इस बात को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि अनारक्षित सीटों पर पिछड़े वर्ग को अधिक प्रतिनिधित्व देंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले की स्थिति बहाल रहेगी एवं पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी।

प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है, वह मुद्दों के अभाव से जूझ रही है राजनीतिक पतन की तरफ बढ़ रही है इसलिए केवल वर्ग संघर्ष की बात करना, प्रदेश में माहौल खराब करने का प्रयास करना, षड्यंत्र करना यही कांग्रेस का काम रह गया है।

प्रदेश भाजपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने तो वास्तव में ओबीसी आरक्षण के विरोध में कोर्ट जाने वाले और ओबीसी का आरक्षण रोकने वाले लोगों को पुरस्कृत करने का काम किया है। भाजपा कांग्रेस के सभी षडयंत्र उजागर करती रहेगी और कांग्रेस का झूठ अब चलने वाला नहीं है। प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विस्तार से आरक्षण के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। साव ने कहा कांग्रेस हमेशा पिछड़ा वर्ग का विरोधी रही है। वह आरक्षण के खिलाफ रही है। तब की कांगेस सरकार द्वारा 'कालेलकर आयोग की अनुशंसा को ठंडे बस्ते में डाल देने के बाद आगे फिर 'मंडल आयोग तक का इंतज़ार करना पड़ा। पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आरक्षण विरोधी वक्तव्यों के अनेक संदर्भ आपको गाहे ब गाहे दिख भी जायेंगे। मसलन 1961 में मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में पंडित नेहरु ने कहा था कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की संस्तुति से किनारा कर लिया था। राजीव गांधी ने तो यहां तक कह दिया था कि आरक्षण से हम बुद्धुओं को बढ़ावा देते हैं।

इस प्रकार बार-बार प्रमाणित हुआ है कि कांग्रेस पूरी तरीके से आरक्षण विरोधी रही है। आरक्षण संबंधी सभी संवैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री साव ने कहा कि देश के संसद में 73वां 74वां संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा सशक्त और जवाबदेह पंचायत एवं नगर पालिका बनाने का प्रावधान संविधान में किया गया और साथ ही

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े हुए नागरिकों के किसी भी वर्ग के पक्ष में आरक्षण के लिए उपबंध (प्रावधान) करने का अधिकार राज्य के विधान मंडल को दिया गया है। साथ ही सभी वर्ग में महिलाओं के लिए भी आरक्षण से संबंधित उपबंध (प्रावधान) दिये हैं। अनुच्छेद 243 (घ) में पंचायतों के स्थानों के आरक्षण से संबंधित प्रावधान है, जिसमें 243(घ)(1) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का प्रावधान है। 243(घ)(2) में महिलाओं से संबंधित आरक्षण का प्रावधान और 243(घ)6 में पिछड़े हुए नागरिकों के लिए आरक्षण के संबंध में उपबंध है।

प्रशासनिक कार्य व्यवहार में दिखनी चाहिए छत्तीसगढ़ी भाखा की झलक- डॉ अभिलाषा

राजभाषा आयोग की कार्यशाला में छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर जोर

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा 'प्रशासनिक कार्य व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाखा का उपयोग' विषय पर आज कलेक्ट्रोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार, वक्ता सुशील शर्मा और ऋतुराज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले के सभी विभाग प्रमुखों और अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रशासनिक कामकाज में छत्तीसगढ़ी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसे शासन-प्रशासन में अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना था। राजभाषा आयोग ने इस पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को शासन का हिस्सा बनाने और इसे आम जनता के साथ संवाद का माध्यम बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ी भाषा के गौरवशाली इतिहास और उसके प्रशासनिक महत्व पर प्रकाश डाला।

महिला सशक्तिकरण संघ ने भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले जयंती मनायी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगांव द्वारा से 01 जनवरी शौर्य दिवस 03 जनवरी सामाजिक क्रांति की महानायिका प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जयंती एवं पौष पूर्णिमा ग्राम करेठी में मनायी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा महापुरूषो के तैल चित्रो के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। पौष पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा खीर वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, दल्ली राजहरा के सदस्य उपस्थित हुए।

महिला सशक्तिकरण संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध जी ने कहा 01 जनवरी 1818 भीमा कोरेगाँव शौर्य दिवस पर प्रकाश डाला। शुरवीर अपने पूर्वजो जिन्होंने अपने ऊपर किये गये अन्याय एवं अत्याचार का बदला लेने के लिये रसद व अस्त्र शस्त्र की कमी के बावजुद 500 सैनिकों ने पेशवा की सेना 28,000 को परास्त कर अपने पूर्वजों के अपमान का बदला लिया और हमें नरकीय जीवन से मुक्ति दिलायी। बाबा साहेब आम्बेडकर ने प्रत्येक महिला के लिए संविधान में अधिकार दिये जिसके कारण आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने आपको प्रतिस्थापित कर सकी। अतिथि नंदा मेश्राम नीता रामटेके, दिलीप मेश्राम, ओमप्रकाश बोरकर, चमन लाल कांडे, पुरषोत्तम मोटघरे ने कहा कि माता सावित्री बाई फूले का जन्म 03 जनवरी 1831 नायगाँव महाराष्ट्र में हुआ था। वह बचपन से ही बहुत ही बहादुर थी उनका 9 वर्ष की आयु में ज्योतिबा फूले से 1840 में विवाह हो गया। उन्हें शिक्षा, संपत्ति आत्म सम्मान से वंचित किया गया।

स्त्रियों की दशा और भी खराब थी धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, रूढ़िवाद, अपृश्यता बहु विवाह, बाल विवाह, अनमेल विवाह महिलाओं और शुद्रो के शारीरिक और मानसिक शोषण होता था । सावित्री बाई फूले एवं ज्योतिबा फूले इन सबके खिलाफ काम किया। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। 01 जनवरी 1848 में पहला स्कूल भिड़ेवाडा पुणे में शुरू किया। सावित्री बाई के जीवन में अनेक कठिनाई आई लेकिन उन्होंने हार नही मानी और संघर्ष करते हुए महिलाओ को शिक्षित करती रही। पुरूष प्रधान सामाजिक व्यवस्था में सावित्री बाई फूले का महिलाओ को शिक्षित करना आसान नही था।

4 साल से फरार अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

जिला कबीरधाम पुलिस की बड़ी सफलता

पाण्डातराई/नवप्रदेश। जिला कबीरधाम के अपराध क्रमांक 17/2021, धारा 363, 366 भा.द.वि. एवं 7, 8 पास्को एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में 4 वर्षों से फरार आरोपी को पुलिस ने सूरजपुर, से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने दिनांक 03.02.2021 को थाना पाण्डातराई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी गुम हो गई है। प्रकरण में पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी अजय धीवर पिता जयवीर धीवर, जो उत्तर प्रदेश के बागपत जिले का निवासी है, ने शादी का झांसा देकर उसे नाबालिग जानते हुए बहला-फुसलाकर भगाया और बागपत ले जाकर अपने साथ रखा। किसी तरह मौका पाकर पीड़िता वहां से भागकर अपने पिता के पास लौटी और घटना की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल (रा.पु.से.) एवं पंकज पटेल (रा.पु.से.), तथा

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अखिलेश कौशिक (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। जांच के दौरान जानकारी मिली कि बागपत, उत्तर प्रदेश से कुछ लोग सूरजपुर जिले की गुड़ फैक्ट्रियों में काम करने आए हैं।

इसी सूचना पर सहायक उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल के नेतृत्व में टीम गठित कर प्र.आर. राधेश्याम चंद्रवंशी एवं आरक्षक अभिषेक सोनवानी को सूरजपुर भेजा गया। वहां आरोपी अजय धीवर को पहचानकर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

राजेंद्र चंद्रवंशी बने भाजपा जिलाध्यक्ष

डिप्टी सीएम, सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग रहे उपस्थित

कवर्धा/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्ष की लिस्ट जारी हो चुकी थी किंतु कबीरधाम जिले की लिस्ट जारी नहीं हो पाई थी यह जिला भारी कसमकस से भरा रहा है। जिला अध्यक्ष की दौड़ में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देव कुमारी चंद्रवंशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल एवं गोपाल साहू सहित अनेक नेता इस दौड़ में लगे हुए थे किंतु पार्टी के सामंजस्य से जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया ।

ज्ञात हो कि राजेंद्र चंद्रवंशी छात्र जीवन में छात्र संघ के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत बोडला के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुके हैं । साथ ही साथ वर्तमान में भाजपा जिला के उपाध्यक्ष भी हैं इसके अलावा आरएसएस से राजेंद्र चंद्रवंशी जुड़े हुए हैं भाजपा के नेताओं सहित उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह के सफल मार्गदर्शन पर राजेंद्र चंद्रवंशी को भाजपा जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जिला अध्यक्ष के नियुक्त होते ही समर्थकों ने जमकर फटके फोड़े और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा आप सभी का मार्ग दर्शन मुझे मिले और में आपके साथ सदैव रहूंगा ।

शहीद कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धमतरी जिले के अंतिम छोर ग्राम ठेनही मे 7दिवस शहीद कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमे 65 टीमों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया है,जिसका शुभारंभ सभी आतिथियों के आगमन पर संपन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि नरेश मांझी अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा अध्यक्षता सिरधन सोम सरपंच ग्राम पंचायत ठेनही विशिष्ट अतिथि डी के यादव प्रदेश अध्यक्ष मेट संघ छत्तीसगढ़ संतोष नेताम जी कोषाध्यक्ष किसान संघर्ष समिति बेलर बाहरा रामस्वरुप मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत छोटे गोबरा अतिथ्य रहे,अतिथियों ने अपने उदबोधन मे सभी प्रतिभागियो को छेरछेरा कि बधाई देते हुये काहा कि हर खिलाडी खेल भावनाओं के साथ परिचय देकर अपना नाम रोशन करे,विजयी टीम को अग्रिम बधाई दिये, उपस्थित अतिथि मंचासिन रुपेश नाग चनाप ग्राम पटेल ठेनही,छतर सिंह यादव अध्यक्ष बाल मण्डली ठेनही मोहन यादव संतोष मरई जितेन्द्र बोरझा छबि लाल सोम दिनेश मरकाम मनोज राकेश कश्यप गज्जू नाग परमेश्वर यादव किसन मरकाम एवं समस्त जय मुचकुद ऋषि युवा समिति एवं समस्त ग्राम वासी ठेनही उपस्थित रहे।

साहित्यिक चर्चा | *रचनाकार की कभी मृत्यु प्राप्त नहीं होती- डॉ. चित्तरंजनकर परमार*

कवि नारायण लाल परमार को 98 वें जन्मदिन पर याद किया

प्रशंसकों की भीड़ में अकेले रहने वाले गीतकार थे -डुमन

धमतरी/नवप्रदेश। जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी द्वारा आयोजित यशस्वी कवि स्व.श्री नारायण लाल परमार जी के 98 वें जन्मदिन के अवसर पर साहित्यकारों एवं सभी श्रद्धेय जनों की उपस्थिति में स्व.नारायण लाल परमार जी पर केन्द्रित उनके लिखे नवगीतों की सांगीतिक प्रस्तुति प्रख्यात भाषाविद , गीतकार ,गायक डॉ.चित्तरंजनकर जी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व.नारायण लाल परमार के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जिला हिन्दी साहित्य समिति अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि श्री नारायण लाल परमार छत्तीसगढ़ के एक ऐसे हिन्दी रचनाकार थे जिनकी ख्याति अखिल भारतीय स्तर पर थी। परमार जी बाल साहित्यकार तो थे ही लेकिन नवगीतों के माध्यम से अपनी अविस्मरणीय उपलब्धियां भी छोड़ी है। परमार जी का संघर्षशील रचनाकार जब अपनी नियति को ललकारने लग जाता है,तब रचनाकार के शब्द, शब्द नहीं रह जाते।वे शस्त्र बन जाते हैं - ओ मेरी नियति इतना जान ले कि मेरे होठों पर मुस्कुराहट

सुखेगी नहीं क्योंकि यह मेरा

एकमात्र संकल्प है कि एक न एक दिन मैं तुझे पराजय की भाषा सिखा कर ही रहूंगा। इस तरह परमार जी प्रशंसकों

की भीड़ में अकेले रहने वाले गीतकार थे। संरक्षक श्री गोपाल शर्मा ने कहा - परमार जी के गीतों में शिल्प कथ्य के दर्शन होते हैं। परमार जी के साहित्य में आशावादी है। आमंत्रित अतिथियों का परिचय देते हुए परमार जी की बड़ी सुपुत्री डॉ.रचना मिश्रा ने बताया कि पापाजी के नवगीतों में ग्रामीण समाज और उसकी प्रकृति संपदा से बहुत गहरा जुड़ाव था। गांव की संस्कृति में जीवन की वास्तविक तृप्ति घुली होती थी। दुर्ग से आमंत्रित साहित्यकार श्री बलदाऊ राम साहू ने कहा- श्री नारायण लाल परमार जी ने मील के उस पत्थर से अपनी यात्रा शुरू की। जब गीत, विषम यथार्थ के धरातल पर जीवन मूल्यों के लिए संघर्ष था, जब नए शब्द- प्रतिमानों,प्रतीक - बिंबों के औजारों से गीत अस्मिता को तलाशी जा रही थी।

तत्पश्चात गायक डॉ.चित्तरंजनकर जी ने परमार जी की कृति रोशनी का घोषणा पत्र के नवगीत सुबह-सुबह छरहरी रंग रूप रस भरी आमंत्रण बांट रही धूप दुपहर को नई सृष्टि नए मूल्य, नई दृष्टि लगता है, डांट रही धूप की प्रस्तुति देते हुए कहा कि सर्जक को कभी मृत्यु प्राप्त नहीं होता क्योंकि वह अपने जीवन काल में ही समय से कई शताब्दियों आगे तक के लिए अपने भीतर के संसार का शब्द चित्र रचना में उकेर जाता है । आज भी परमार जी अपने साहित्य दर्पण के माध्यम से हमारे बीच उपस्थित हैं। उन्होंने आगे कहा परमार जी के प्रिय शिष्य एवं जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव एक चुम्बकीय व्यक्तित्व है जिनके कारण इस तरह के आयोजन में सभी साहित्यकार जुड़ पाते हैं। मैं लीक से हट सकता हूं लेकिन लोक से नहीं। आसमान की आंखें मुझको उकसा रही कोयल के लिए मधुर गीत बार-बार लिखूं कोई अफसोस नहीं बीत गई रात का मुझको विश्वास बहुत इस नये प्रभात का धूल भरी धूप के पलाशिया कपोलों पर अधरों की ऊष्मा से आकुल त्यौहार लिखूं। आंगन के कोने में बिल्ली सी चुप बैठी धूप क्वांर की आशा करना फिजूल सूरज की बेटी से सदाचार की।

न्यूज़ गैलरी

कस्तूरबा विद्यालय निर्रबिड़ा में संकुल कार्यशाला आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। विगत दिनों कस्तूरबा विद्यालय निर्रबिड़ा में संकुल केंद्र फरसियां व अमाली के 50 प्रतिशत शिक्षकों का संयुक्त बैठक सह कार्यशाला आयोजित हुआ। सुरेंद्र कुमार लोन्हारे समन्वयक ने शिक्षकों का कार्यशाला सह बैठक लिया। अध्यक्षता कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला- गोरेगांव ने किया। सीएससी ने शासन के योजनाओं का जानकारी दिया जो निम्नांकित है चर्चा पत्र माह जनवरी 2025 सभी को डाउनलोड करना, अपार आई डी पर चर्चा,पीपीसी में शिक्षक, पालक एवं बच्चों के पंजीयन करना, प्रयास का फॉर्म 20 तक जमा करना, पांचवी/आठवीं के परीक्षा पर चर्चा, ऑनलाइन अवकाश पर चर्चा, छात्रवृत्ति खाता सुधार कार्य पूर्ण करना,निवास प्रमाण पत्र फार्म दस्तावेज के साथ सुविधा केंद्र में जमा करना,विद्यांजलि पोर्टल में अंकित बिंदुओं में से एक का चयन कर एंट्री करना,यू डाइस पोर्टल में शिक्षक छात्र एवं स्कूल प्रोफाइल अपडेट करना। आयकर फॉर्म जमा करना,एमडीएम एप में प्रतिदिन एंट्री करना, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज फॉर्म परीक्षा केंद्र कन्या शाला नगरी में जमा करना। विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर दिशा निर्देश दिये गये। उक्त अवसर पर अधीक्षिका पुष्प लता साहू, भूमिका साहू, केसर साहू, लक्ष्मी साहू, चुलेश्वरी पायल,उषा साहू, भूपेंद्र देवांगन, दयानंद लहरे ,गंगा नवरंग, अनूप साहू ,मनोज गंजीर, गजानन सोन ,संतोष साहू चंद्रप्रभा साहू, सिद्धेश्वर साहू,ममता प्रजापति ,श्वेता गौर, हर्ष लता साहू गौरी साहू सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

पवन वर्मा ने देवरी स्कूल में किया भूमि पूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से डी एम एफ फंड से बनने वाली प्राथमिक शाला देवरी में प्रार्थना शेड़ निर्माण का भूमिपूजन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने किया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने इस कार्य के लिए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा 15 लाख रुपए स्वीकृत कराने पर उनका आभार जताया है । इस अवसर पर सरपंच सेवक राम साहू पंच धनराज वर्मा सहित शाला के शिक्षक गण उपस्थित थे।

दुर्ग - टूंडला के मध्य 02 जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने जाने वाले रेल यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है ताकि महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध हो सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग- टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दुर्ग से टूंडला के बीच व्हाया रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर *प्रयागराज* फतेहपुर, गोविंदपुरी इटावा के मार्ग से चलाई जा रही है । यह ट्रेन दुर्ग से 19 जनवरी और 15 फरवरी को चलेगी। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 08793 दुर्ग टूंडला कुंभ मेला स्पेशल दिनांक 19 जनवरी को 19.20 बजे दुर्ग से रवाना होकर रायपुर 20.10 बजे, भाटापारा 21.00 बजे, उसलापुर 22.00 बजे, पेंड्रा रोड 23.48 बजे होते हुए अनूपपुर, शहडोल, कटनी, मैहर के रास्ते अगले दिन (20 जनवरी 2025 को) 11:10 बजे प्रयागराज होते हुए 20. 15 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 08794 टूंडला दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2025 को सुबह 5:00 बजे टूंडला से रवाना होकर 13:00 बजे प्रयागराज पहुंचेगी मैहर, कटनी के रास्ते होते हुए अगले दिन (22 जनवरी 2025 को) 01.50 बजे उसलापुर, 2.43 बजे भाटापारा, 3:30 बजे रायपुर, होते हुए 5:00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

उसी तरह गाड़ी संख्या 08795 दुर्ग टूंडला कुंभ मेला स्पेशल 15 फरवरी 2025 को 19.20 बजे दुर्ग से रवाना होकर रायपुर 20.10 बजे, भाटापारा 21.00 बजे, उसलापुर 22.00 बजे, पेंड्रा रोड 23.48 बजे होते हुए अनूपपुर, शहडोल, कटनी, मैहर के रास्ते अगले दिन (16 फरवरी 2025 को) 11:10 बजे प्रयागराज होते हुए 20.15 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08796 टूंडला दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल दिनांक 17 फरवरी 2025 को 16.00 बजे टूंडला से रवाना होकर 01:00 बजे प्रयागराज पहुंचेगी मैहर, कटनी के रास्ते होते हुए अगले दिन (18 फरवरी 2025 को) 14.20 बजे उसलापुर, 15.13 बजे भाटापारा, 16:55 बजे रायपुर, होते हुए 18:20 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

जिले की समस्त मदिरा दुकानें 26 एवं 30 जनवरी को रहेगी बंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में 26 एवं 30 जनवरी को मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इन तिथियों को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेशानुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2025 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर जिले की समस्त मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। उक्त दिवस को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आबकारी अमले को उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिये है। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये है।

लाखों के विकास कार्यों का शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम मल्दी में लाखो रुपये के विकास कार्यों - सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण एवं रंगमंच निर्माण कार्य के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। वही ग्राम टोनाटार में बने यादव समाज भवन एवं रंगमंच का लोकार्पण कर ग्रामवासियो को समर्पित किया.

शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियो को सम्बोधित करते हुए छेरछेरा की भी बधाई दी और कहा की यह सौगात क्षेत्र के समग्र विकास और प्रगति की नई दिशा तय करेगा। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण, स्वावलंबन, खेल के साथ ही कृषि व कृषक कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रही है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, डबल इंजन की सरकार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए हम विजन 2047 छत्तीसगढ़ के अंतर्गत विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष भाजपा श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के होने से जनता को सुविधा के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होता है। हम भाटापारा विधानसभा को विकसित और जनसुविधा युक्त क्षेत्र बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ गए थे, लेकिन आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार फिर से विकास के रास्ते पर कार्य तेजी से हो रहे हैं। जनता को सरकार की हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में डबल इंजनों की सरकार द्वारा निर्मित ही आवास योजना से जनता को पक्के आवास मिल रहे हैं, किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है, युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं हैं, महिला सशक्तिकरण का प्रयास जारी है,महतारी वंदन का लाभ प्राप्त हो रहा है और हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान का उपहार मिल रहा है। यह सभी भाजपा के साफ और सही नियत के उद्देश्य को निर्धारित करता है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

उक्त अवसर पर पूर्व विधायक बलौदाबाजार प्रमोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, भोला वर्मा, राकेश वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, शशि शुक्ला, स्वाति वर्मा, पवन साहू, सहित बड़ी संख्या पार्टी कार्यकर्त्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे.

कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र का कुलपति ने किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा का कुलपति डॉ गिरीश ने दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के नई इकाइयों का लोकार्पण करते हुए महाविद्यालय परिसर में बीज उत्पादन का अवलोकन किया वही अपने प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान फसलों की उत्पादकता बढाने एवं लक्ष्य आधारित नवीनतम किस्मों की बीज उत्पादन हेतु निर्देश दिये।

इसके बाद स्मार्ट क्लास रूम, पादप प्रजनन प्रयोगशाला, पी.जी. सस्य विज्ञान प्रयोगशाला, कैन्टीन, फील्ड लेबोरेटरी और टेक्नोलॉजी पार्क का लोकार्पण किया गया। साथ ही, एक्सपेरिमेंटल फील्ड का भी भ्रमण किया। महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास रुम का अवलोकन करते हुए दूसरे महाविद्यालय की क्लासेज को भी लाइव कवर करने हेतु निर्देश दिये। प्रायोगिक पढाई के बारे में बात की. स्किल डेवलवमेट कोर्स के अंतर्गत मशरूम उत्पादन के बारे में छात्रों से जानकारी ली एवं उन्हें प्रोत्साहित किया।

टेक्नोलॉजी पार्क में प्रदर्शित इकाइयों का अवलोकन करते हुए इन्हें और उन्नत एवं क्रियाशील बनाने हेतु निर्देश दिये। महाविद्यालय में विद्यार्थियों से प्रायोगिक पढाई के बारे में बात की। स्किल डेवलवमेट कोर्स के अंतर्गत मशरूम उत्पादन के बारे में छात्रों से जानकारी ली एवं उन्हें प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय के बालक छात्रावास का लोकार्पण एवं पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के भवनों का लोकार्पण किया गया। इसके तहत ख़परडीह बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का अवलोकन और बोरसी बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का भ्रमण हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह में छात्रसंघ द्वारा पूरी निष्ठा से छात्रों के हित के लिए काम करने की शपथ ली गई और छात्रसंघ अध्यक्ष द्वारा छात्रों के हित के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही डॉ एच. एल. सोनबोइर, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय भाटापारा द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक नियमित गतिविधियों की जानकारी दी। इसके पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरे के दौरान कुलपति डॉ गिरीश ने महाविद्यालय को उन्नतशील बताया और आगे भी महाविद्यालय को उन्नत और गौरवशील बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा भी महाविद्यालय की सराहना की । डॉ अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख , कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

क्लर्क एवं चपरासी की नौकरी लगाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

नियुक्ति पत्र देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल

राजनांदगांव /नवप्रदेश। प्रार्थी कमरूल हसन पिता महबूबल हसन उम्र 59 वर्ष निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष अनावेदक वसीम अहमद पिता मोह0 कादीर निवासी डोगरगांव एवं मोहसीन खान पिता अलीम खान निवासी छुरिया द्वारा दिनांक 22.06.2024 को इसके पुत्र को सहकारिता विभाग मानपुर मोहला मे क्लर्क एवं चपरासी की नौकरी लगवाने एवं इसकी पुत्री तसलीम हसन को मनरेगा विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर 4,00,000 रूपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के संबंध में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच पर आरोपियो के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 627/24 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे आरोपी के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान भेजकर मुखबीर की सूचना पर दोनो आरोपियो (01) मोहसीन खान पिता अलीम खान उम्र 33 साल साकिन वार्ड नं0 06 अहमद भाई वार्ड नगर पंचायत छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव (छ0ग0) (02) वसीम अहमद पिता कादीर अहमद उम्र 32 साल साकिन वार्ड नं0 04 गायत्री मंदिर के पास डोगरगांव थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ पर अपराध कबूल किया गया। प्रकरण मे धारा 336, 338, 340, 3(5) बीएनएस समाहित कर आज दिनांक 14.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

यातायात रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान जारी

शराब सेवन कर वाहन चलाने पर 13 वाहन चालकों पर कार्यवाही

राजनांदगांव/**नवप्रदेश।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात विभाग के प्र.आर. सउनि घनश्याम देशलहरे द्वारा जिले के ग्राम पेण्ड्री, इंदामरा, धनगांव, बम्हनी, गातापार, सुकुलदैहान, हल्दी, कसारी, पेण्ड्रीटोला, लिटिया, नवागांव में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत से सुसज्जित यातायात रथ फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। 15, 16 एवं 17 जनवरी 2025 को परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन यातायात शाखा परिसर में प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाये। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वी या 08 वी मार्कशीट या पेन कार्ड जिसमें जन्म तिथि उल्लेख हो, लोकल आईडी प्रूफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है।

सड़क सुरक्षा माह में यातायात जागरूकता अभियान के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 13 वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जायेगा। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये।

अभिनंदन गैलेक्सी के बाजू अवैध प्लाटिंग करने वाले माफियाओं के खिलाफ हो एफआईआर

राजनांदगांव/**नवप्रदेश।** राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल एक पत्र के माध्यम् से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं संचालक छ.ग. नगरीय प्रशासन विभाग एवं जिले के कलेक्टर/प्रशासक नगर निगम एवं निगम आयुक्त से अनुरोध है कि जिस तरह से अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी विकास की अनुमति जो इन्दिरा नगर वार्ड में 5 वर्ष पहले दी गई है और उसकी आड़ में उस क्षेत्र के आजू बाजू जो लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओं का जो तांडव भाजपा सरकार की आँख के नीचे और नगर निगम के भवन अधिकारी यू के रामटेके और भवन विभाग के पटवारियों की मिली भगत के चलते नोटिसो की आड़ में जो शासन को करोड़ों रूपयों की वित्तीय हानि पहुंचाई जा रही है और अवैध प्लाटिंग को नियमितिकरण करने का जो खेल भवन अधिकारी यू के रामटेके के संरक्षण में जो अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओं का जो साहस बढ़ रहा है उससे नगर निगम की छबि आम जनता के सामने पूरी तरह खराब हो रही है और अब जब छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पूरे प्रदेश में महापौर के अधिकारो को निरस्त करते हुए प्रशासक के रूप में जिले के कलेक्टर को नियुक्त कर दिया गया है तो अब नेताओं की दुकानदारी तो बंद हो चुकी है इसलिए जिले के कलेक्टर एवं निगम के प्रशासक संजय अग्रवाल से अनुरोध है कि निगम आयुक्त को इस अवैध प्लॉटिंग के मामले में तत्काल 7 दिवस के अंदर जाँच करवाकर कार्यवाही करने एवं शासन के नियमानुसार अवैध प्लॉटिंग करने वाले भूमाफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाए और उनके कालोनाइजर लाइसेंस को निरस्त किया जाए एवं इस मामले में निगम के जो भी अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत है उसका भी खुलासा किया जाए और यदि 7 दिवस के अंदर आपके द्वारा कोई कार्यवाही नही होती दिखी तो मुझे जनहित में इस मामले को लेकर मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पत्र लिखने मजबूर होना पड़ेगा कि भाजपा की सरकार डबल इंजन की आने के बाद जिस तरह से भूमाफिया निगम के अधिकारियों की कोई परवाह नही करते हुए पैसों के दम पर जो खेल कर रहे हैं?

सीईओ ने पीवायए अंतर्गत बन रहे आवासों का किया निरीक्षण

गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप निर्माण के दिये निर्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी, रवान एवं भरसेली में बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से घर- घर जाकर आवास निर्माण के सम्बन्ध में चर्चा किया और उप अभियंता, तकनीकी सहायक, आवास मित्र को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप आवास निर्माण कार्य किए जाने के साथ ही साथ रोजगार सहायकों को 90 दिवस की मजदूरी मनरेगा के तहत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से भी उनके द्वारा किये जा रहे गतिविधियों के संबंध मे चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान सी ईओ जनपद पंचायत बलौदाबाजार फकीर चरण पटेल, आवास समन्वयक दुर्गाचरण डनसेना, विकासखण्ड समन्वयक सुश्री पूजा केरकेट्टा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, आवास मित्र, सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

समय सीमा बैठक — *धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक सत्यापन कार्य में नहीं होनी चाहिए लापरवाही*

सर्वे के दौरान गरीब एवं जरूरतमंदों का नाम नही छूटे - कलेक्टर

31 जनवरी तक होगी धान खरीदी

युवाओं को नशे की गिरफ्त से रखना है दूर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, छांव के साथ ही मतदान कर्मियों के रूकने की व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। 31 जनवरी धान खरीदी का अंतिम दिन है। नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में स्टैक की अच्छी तरह गिनती करें तथा भौतिक सत्यापन के कार्य में कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोचिया, बिचौलिया द्वारा अवैध धान की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के लिए पंजीयन करते समय गरीब एवं जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए पंजीयन करें। सर्वे के दौरान उनका नाम नहीं छूटना चाहिए। ऐसे जरूरतमंद जो पात्रता की श्रेणी में आते है, उन्हें अनिवार्यतः लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रेत, छड़, सीमेंट सहित अन्य आवास निर्माण के लिए सामग्री में विशेष छूट के लिए चेम्बर ऑफ कामर्स राजनांदगांव से सहमति बनी है। कलेक्टर ने एचएमपीवी वायरस की रोकथाम एवं इससे सावधानी बरतने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है, इससे सभी आवश्यक सावधानी बरते। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के चौक-चौराहों में शासन की योजनाओं की जानकारी तथा विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता से संबंधित विडियो दिखाए जा सकते है। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यह जरूरी है कि सभी हेलमेट पहनें तथा सीट बेल्ट बांधे। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के दौरान कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के आस-पास नशीले पदार्थों के अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में चला जाए तो नशे की आदत से वापस आना दुष्कर होता है। युवाओं को इस लत से दूर रखना है, इसके लिए जिले में दो पुनर्वास केन्द्र हैं, ऐसे युवाओं को चिन्हांकित कर उन्हें नशे की लत को दूर करते हुए समाज की मुख्य धारा में लाना है। उन्होंने कहा कि साईबर क्राईम में आम जनता न फंसे, इसके लिए सजग रहना चाहिए। साईबर क्राईम के लिए स्कूल स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है। स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से जागरूकता से संबंधित नशे से दूर रहने, साइबर क्राईम, सड़क दुर्घटना से बचाव के उपाय, कैरियर गाइडेंस एवं अन्य शार्ट वीडियो के माध्यम से जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने गर्मी के मौसम में पेयजल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की टंकी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराएं। नगरीय निकाय में पेयजल की व्यवस्था, सफाई की व्यवस्था, तालाब सफाई, वेतन भुगतान, कार्य की गुणवत्ता, प्रापर्टी टेक्स वसूली, सड़क का डामरीकरण, कचरे के ढेर का निपटान तथा बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है।

अभनपुर विधायक ने नवप्रदेश से की बेबाक चर्चा...

मोदी की स्वच्छता मिशन को और तेज करेंगे : विधायक इंद्रकुमार

■ **छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की तरक्की और खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध**

शशांक खरे

रायपुर/नवप्रदेश। अपने पहले ही कार्यकाल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता मिशन का जो अलख जगाया, वो मिशन कमजोर नहीं पड़ेगा, बल्कि, उस मिशन को एक विशेष अभियान के तहत और तेज करेंगे। प्रधानमंत्री ने जिस उद्देश्य से स्वच्छता मिशन का खाका तैयार किया है, उस पर लगभग 80 फीसदी सफलता मिल चुकी है। आज गांव-गांव, शहर-शहर, गली-मुहल्ले में स्वच्छता के प्रति जो जागरुकता देखी जा रही है, अपने आप में एक मिसाल है। तब और अब में काफी परिवर्तन आ गया है, हम मोदी के स्वच्छता मिशन को और तेज करेंगे।

उक्ताशय के विचार अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू ने व्यक्त किए, वे पिछले दिनों आरंग ब्लॉक के ग्राम हाट चरौदा में आयोजित नाचा महोत्सव में शरीक होने आए थे। इस दौरान उन्होंने दैनिक नवप्रदेश से बातचीत में अभनपुर विधानसभा में अधूरे कार्यों को पूरा करने, नए कई कार्यों को अपने कार्यकाल में अंजाम तक पहुंचाने, जनभावनाओं के अनुरूप धरातल पर विकास की इबारत लिखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता स्वच्छता के मिशन को पूरा करना है। गांव की गलियों में बहने वाले गंदे पानी को रोकने योजनाबद्ध कार्य किए जाएंगे. क्योंकि, बिना स्वच्छता के विकास की कल्पना बेमानी है। गलियों में नालियों का निर्माण कर सड़कों का विस्तार किया जाएगा,

ताकि, गंदा पानी गलियों में न बहे, क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार कृत संकल्प है। केंद्र से पर्याप्त धन मिल रहा है, जनता में थोड़ी और चेतना होनी है, बिना जनसहयोग के कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। सरकार, चावल, बिजली-पानी सबकी व्यवस्था कर रही है। 75 सालों में आज जो भी विकास दिख रहा है, वो भाजपा सरकार की देन है।

धान खरीदी में अंतर की राशि नहीं देने के सवाल पर कहा, कि भाजपा जो कहती है, करती है. उसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। अभी प्रति क्विंटल 2300 रुपए किसानों को दे रहे हैं, बाकी 800 रुपए अतिशीघ्र दिए जाएंगे। किसान थोड़ा सब्र रखें, प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की तरक्की और खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था के सवाल पर विधायक साहू ने कहा, कि पूर्वर्ती सरकार के कार्यकाल में जो स्थिति थी, वो अब नहीं है। पहले बड़ी मछली को छोड़कर, छोटी मछली को को पकड़ा जाता था। आज आप देखिए, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के आने के बाद पीएससी घोटाला, महादेव सट्टा ऐप, आर्थिक अपराध, साइबर क्राइम, भ्रष्टाचार के मामले में जो भी पकड़े जा रहे हैं, वे सभी सीधे जेल भेजे जा रहे हैं। कितने भी कद्दावर अपराधी हों, उन्हें बचाने अफसरों पर दबाव के लिए किसी का कोई फोन नहीं आता। अपराधियों को बचाने कोई दबाव नहीं बनाता, विष्णुदेव कि राज में सुशासन ही सुशासन है।

महतारी वंदन योजना में गफलत के सवाल पर कहा कि जमीनी शासकीय सेवकों के माध्यम से फॉर्म भरे गए थे, बिना वेरीफिकेशन के गलत तरीके से जो राशि दी जा रही है, उस पर कार्रवाई की जा रही है, सरकार भ्रष्टाचार के मामले में बहुत ज्यादा गंभीर है।

आदिवासी क्षेत्र की दो बालिकाएं करेंगी पीएम मोदी से संवाद

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की दो प्रतिभावान छात्राओं का चयन हुआ है। इस मौके पर आज दोनों छात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करेंगे। किरन्दुल (दंतेवाड़ा) की कु. स्नेहा मेश्राम और सलकापतराटोवी (सरगुजा) की कु. गुनगुन गुप्ता इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह कार्यक्रम छात्रों को परीक्षा के दबाव से मुक्त करने और प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। चयनित छात्राओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री से संवाद करना हमारे लिए गर्व की बात है। यह अवसर हमारे जीवन को नई दिशा देगा और हमें अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिलेगी। बता दें इस कार्यक्रम के तहत देश भर के चुनिंदा छात्रों को प्रधानमंत्री से संवाद करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम परीक्षा के दबाव को कम करने और छात्रों को प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया है।

कोरबा में बवाल के बाद एक्शन पुलिस ने दर्ज की छह एफआईआर

■ **कई बैंकों की ब्रांच हुई सील, एक रिकवरी एजेंट भेजा जेल**

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की कुछ महिलाओं ने शिकायत थी कि उन्होंने फ्लोरा माइक्रोफाइनेंस सहित अन्य से ऋण लिया है। इस दौरान कई रिकवरी एजेंट उन्हें घर आकर वसूली के नाम पर प्रताड़ित करते हैं। इस मामले में शिकायत प्राप्त होने पर आज जिले में अलग-अलग थाने में माइक्रोफाइनेंस के रिकवरी एजेंटों के विरुद्ध छह एफआईआर दर्ज की गई हैं।

पुलिस थाना कटघोरा, उरगा और करतला में प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा विवेचना की गई। इसी तरह कटघोरा एसडीएम ने बताया कि वित्तीय अनियमितता के संबंध में लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों की जांच के संबंध में अनुविभाग कटघोरा, जिला- कोरबा में संचालित माइक्रोफाइनेंस कंपनी क्रमशः एलएनटी बैंक कटघोरा, अन्नपूर्णा बैंक दीपका, सीसस बैंक दीपका, नैफिस बैंक कटघोरा, स्पंदना बैंक के कार्यालय को दल-बल के साथ सील किया गया।

रविवार शाम हुए हंगामे की गूंज अब तक शांत नहीं हुई है। इस घटना के बाद हालात और गरमा गया हैं, खासकर तब जब कृषि मंत्री लखनलाल देवांगन के बयान ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। वहीं, मुख्य मार्ग को जाम कर एंबुलेंस का रास्ता रोकने की घटना में पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंत्री-कलेक्टर के सामने किया बवाल, अज्ञात महिलाओं पर मामला दर्ज

स्पंदन बैंक नवागांव कटघोरा के एजेंट प्रताप रूद्र शरण पिता अमृतलाल धीवर, उम्र 22 साल, निवासी सरखों बैगापारा चौकी नैला थाना जांजगीर के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार एवं अवैध वसूली करते पाया गया। मौके पर शांति भंग होने की पूर्ण सम्भावना थी। पुलिस के पास इन्हें गिरफ्तार करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प न होने से इन्हे धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त सभी प्रकरणों में विधिवत कार्यवाही जारी है।

ठेकेदार का भुगतान नहीं, निर्माण कार्य अंतिम होने के बाद भी भुगतान रुका

ईतवारीबाजार में काम्पलेक्स निर्माण की प्रक्रिया फाइलो में ही अटकी

■ **इसके चलते दुकानदारों को नही हो पाया दुकानों का आबंटन**

खैरागढ़/नवप्रदेश। ईतवारीबाजार में सड़क किनारे दुकानदारों को व्यवस्थित दुकान देने पालिका द्वारा बनाए गए काम्पलेक्स का अब तक आधा भुगतान अटका हुआ है। डेढ़ साल पहले शुरू कराए गए कार्य को लेकर पालिका प्रशासन शुरू से लापरवाह बना रहा। इसके चलते सवा करोड़ से अधिक की इस योजना की कार्यवाही अब तक खटाई में पड़ी है। दुकानदारों को दुकान देने बनाए गए काम्पलेक्स का एक भाग पूरा हो चुका है । लेकिन निर्माण कार्य की राशि का पूरा भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार ने इसे हैंड ओवर नहीं किया है।

जबकि दूसरे भाग में 90 फीसदी कार्य पूरा कराए जाने के बाद भी इसके भुगतान की कार्यवाही अटकी है। कांग्रेस शासन काल में अधोसंरचना मद से काम्पलेक्स निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराने एक करोड़ 30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू होने मे ही साल भर लगा दिए गए। सरकार बदलने के चलते इसकी पूरी राशि नही मिल पाई। इसके कारण निर्माण कार्य पूरा करने के दौरान ठेकेदार का समय पर भुगतान नहीं हो पाया। अब इसकी राशि आने की जानकारी है। लेकिन अटके काम्पलेक्स के चलते न दुकानदारों को अब तक राहत मिल पाई है और न ही पालिका इसका आवंटन और नीलामी करा पाई है।

खटाल बना काम्पलेक्स, मवेशी कर रहे खराब

ईतवारीबाजार मे बाजार लाइन में बनाए गए एक करोड़ रुपए से अधिक का काम्पलेक्स फिलहाल खटाल बन गया है। दूसरे भाग में दुकानों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। केवल बिजली और शटर लगाए जाने बाकी है। दुकानों में टाइल्स तक लगाया जा चुका है। यहां दिनरात मवेशी बैठ रहे है। इसके कारण पूरा दुकान और वहां लगाए गए टाइल्स खराब हो चुके है। ठेकेदार भुगतान के लिए पालिका का चक्कर काट रहा है। इसके बाद भी पालिका की आंख नहीं खुल पाई है।

कांग्रेसियों ने किया था निरीक्षण, जल्द आवंटन की मांग: रविवार को लाखों की लागत से बनाए गए इस काम्पलेक्स निर्माण प्रक्रिया के साल भर से अटके रहने के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इसका निरीक्षण कर व्यवस्था देखी थी। पहले भाग के बनाए गए काम्पलेक्स का लगभग पूरा कार्य किया जा चुका है। इसके आवंटन और नीलामी में पालिका की देरी है। ठेकेदार को निर्माण कार्य की राशि पालिका में नहीं होने का हवाला देकर भुगतान ही नहीं किया गया। इसके कारण इसकी कार्यवाही अटकी पड़ी है । कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने काम्पलेक्स निर्माण कार्य जल्द पूरा कर इसका आवंटन किए जाने की मांग की है। ताकि दुकान की उम्मीद में बैठे दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे तक दुकान लगाए जाने की परेशानी कम हो सके। बताया गया कि काम्पलेक्स निर्माण के अटके कार्य को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी मौका मुआयना किया और इसके अटकी प्रक्रिया को जल्द पूरा कराए जाने के निर्देश पालिका प्रशासन को दिए हैं।

सीएमओ बोले, फाइल देख रहे हैं

खैरागढ़ नगर पालिका के सीएमओ नरेश वर्मा ने कहा-मेरे आने के पहले इस कार्य मे कई दिक्कते थी । पदस्थापना के बाद इस पर जल्द कार्यवाही कर रहे है । फाइल देख रहे है । जल्द ही इसकी कार्यवाही पूरी कर व्यवस्था बनाई जाएगी ।

नपं अध्यक्ष पद की दावेदारों की सियासी घुड़दौड़

भाजपा-कांग्रेस में जुगाड़ वाले नेता तो जनता ने भी दावेदारी को लेकर बनाई रणनीति

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त होते ही नगर में चुनावी माहौल गरम हो गया है।

नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष पद के आरक्षण होते ही संभावित प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस में चुनावी माहौल एक नया मोड़ ले चुकी है। विगत वर्षों से पूर्व में ग्राम पंचायत नगरी के पश्चात नगर पंचायत नगरी में तब्दील हुआ था।

तब से भाजपा शासित उम्मीदवार ही नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष पद की ताज पहने हैं चाहे कांग्रेस की सरकार रही थी। अब नगर पंचायत नगरी अनारक्षित मुक्त होते ही भाजपा से संभावित नागेन्द्र शुक्ला जो पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष थे और वर्तमान में उनकी अर्धांगिनी (पत्नी) आराधना शुक्ला अध्यक्ष है नागेन्द्र शुक्ला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं और नगर पंचायत नगरी में उनकी राजनैतिक पकड़ बहुत अच्छी है और लोगों से उनका छवि मिलनसार बताया जाता है। वहीं भाजपा से नगरी नगर के युवा नेता रूपेंद्र कुमार साहू का नाम सामने आ रहा है जो वर्तमान में व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष है और साहू समाज में उनकी एक अलग पहचान बनाई जो हमेशा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने हमेशा मदद के लिए आगे रहते हैं रूपेंद्र कुमार साहू राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए युवा छवि है जो वार्ड के साथ साथ नगरी नगर में अपना मान सम्मान बनाये हुए है।

भाजपा से अजय नाहटा जो वर्तमान में उपाध्यक्ष है और नगर पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष पद पर उनका रिकॉर्ड तोड नाम से मशहूर है और जैन समाज मे एक स्वच्छ छवि मिलनसार व्यक्ति हैं जो हमेशा वार्ड के साथ साथ नगर के हित कार्य में हमेशा सर्व प्रथम रहते हैं। 15 वर्षो से नगर पंचायत उपाध्यक्ष के पद रहे है वहीं भाजपा से बलजीत छाबड़ा जो वर्तमान में भाजपा मंडल नगरी के अध्यक्ष हैं और दो बार पार्षद रह चुके हैं अब वर्तमान में उनकी अर्धांगिनी (पत्नी) पार्षद है और हमेशा वार्ड के समस्याओं पर विशेष ध्यान रखते हैं और तत्काल उस समस्या का हल मौके पर जाकर निराकरण कराते हैं जिसके चलते अपने वार्ड में चर्चित रहते है। वहीं भाजपा से संभावित प्रत्याशी भावेश चोपड़ा है जो पूर्व में भाजपा महामंत्री रहे और नगर के वर्तमान में प्रतिष्ठित व्यापारी है

नंद कुमार यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष है साथ अपने नगरी क्षेत्र के यादव समाज अध्यक्ष के प्रमुख व्यक्ति है नगरी नगर ग्राम व्यवस्था समिति नगरी अध्यक्ष पद 5 सालो कार्य भार चला रहे है भाजपा के राजेंद्र गोलछा, भाजपा जिला महामंत्री पद पर हैं साथ ही वहीं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता है भाजपा मे विकास बोहरा,नगर पंचायत सांसद प्रतिनिधि, रहे साथ पूर्व मे नगर पंचायत सभापति पद पर रह चुके है अनिरुद्ध साहू जो पूर्व मे नगर पंचायत नगरी मे एल्डर मेन पद पर रह चुके है पूर्व युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष साहू समाज नगरी रहे है वर्तमान में संचालक मडल तहसील साहू समाज नगरी पद पर है भाजपा मे भावेश चोपड़ा पूर्व केबिनेट मंत्री, वर्तमान विधायक कुरूद अजय चंद्राकर के करीबी मे जाने जाते हैं कमल डागा जिला महामंत्री पद पर है भाजपा रामगोपाल साहू जिला महामंत्री पद पर है

कांग्रेस से संभावित प्रत्याशी पूर्व उपसरपंच पेमन स्वणबेर है जो दो बार नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष पद पर लड़ चुके हैं और बहुत ही कम अंतर से हारे थे वर्तमान में कांग्रेस कमेटी के युवा नेता के रूप में पहचान बनाई है ।कांग्रेस से भानेन्दर सिंह ठाकुर जो कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष है और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ श्रेणी में नाम आता है और वे राजनैतिक मामलों के गुरू कहे जाते हैं।

चार दिन रद्द रहेगी लोकल-पैसेंजर ट्रेनें

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से ट्रेन के जरिए बिलासपुर, कोरबा, जूनागढ़ जाने की सोच रहे लोगों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रेलवे ने इस रूट पर चलने वाले कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इस रूट पर चलने वाली 9 ट्रेने 16 जनवरी से 19 जनवरी तक रद्द रहेंगी। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ ही नए प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इन कार्यों को तेजी से कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री और अधिकारियों से जान पहचान बता कर की धोखाधड़ी

■ **थाना बसंतपुर राजनांदगांव पुलिस की कार्यवाही**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में पुलिस ने सनसनीखेज मामला उजागर किया है। एक शख्स खुद को मंत्री और अधिकारियों से जान-पहचान होने का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी करता था। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो वह पकड़ में आया है।

प्रार्थिया सकुन जैन पति विजेन्द्र कुमार जैन उम्र 44 साल निवासी गोकुल नगर, थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव की 11 जनवारी को लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा, यह वर्ष 2019 से सितंबर 2024 तक जिला अस्पताल राजांदगांव में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत रही। इसी दौरान आरोपी साहिल जैन 03-04 बार उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती हुआ। उसी दौरान प्रार्थिया एवं आरोपी की जान पहचान हुई। आरोपी को भर्ती के दौरान के यह ज्ञात हुआ कि प्रार्थिया का स्थानांतरण जिला चिकित्सालय राजनांदगांव से शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय जगदलपुर हो गया है। आरोपी इस बात का फायदा उठाकर कर प्रार्थिया एवं उसके सहकर्मी का स्थानांतरण आदेश संशोधन कराने के नाम पर छलपूर्वक कुल 03 लाख 25 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया गया है।

सियासत... *जनता के बीच अपनी पैठ बनाने में जुटे दोनों पार्टियों के नेता*

बागबाहरा नपा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा-कांग्रेस में दावेदारी शुरू

बागबाहरा/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो गई है। इसके चलते राजनीतिक सुगबुगाहट भी तेज हो गई है। बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष का पद एक बार फिर से अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षित हो गया है। नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण की घोषणा के बाद नगर के अनुसूचित जाति वर्ग के नेता सक्रिय होकर दोनों राष्ट्रीय पार्टी में अपनी दावेदारी की ताल ठोक रहे हैं ।

बताते चलें कि आमजनों से 5 साल तक दूर-दूर तक वास्ता नहीं रखने वाले नेता भी अब सुबह शाम गली मुहल्ले में लोगो के काम करवाते और मेल मुलाकात करते नजर आ रहे है। भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दावेदार नेता अब वाल पेंटिंग, पोस्टर के साथ आम जनता की समस्याओं के समाधान करने के बहाने लोगो तक पहुंच बना रहे हैं। वहीं कुछ नेता तो शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आमजन के फार्म को भरकर पालिका तक पहुंचाकर योजनाओं का लाभ दिलाने का वादा कर रहे हैं। ये नेता अपने इन कामों से अपने आकाओं के नजरो में चढऩे और टिकट सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं। इन नेताओं का ये सारा खेल राष्ट्रीय पार्टी से टिकट लेने के लिए ही कर रहे हैं। ताकि पार्टी से टिकट मिले और टिकट मिलने के बाद आधी जीत को सुनिश्चित कर सकें।

ये है बागबाहरा का समीकरण

बता दें की बागबाहरा नगर पालिका में 18 पोलिंग बूथ हैं। बागबाहरा की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 19529 है। वहीं कुल मतदाता की बात करें तो नगर पालिका क्षेत्र में कुल 15384 मतदाता हैं। जिनमें 7377 पुरुष मतदाता, 8003 महिला मतदाता एवं 4 थर्ड जेंडर मतदाता है। आरक्षण की घोषणा के बाद अनुसूचित जाति वर्ग के नेता अपनी दावेदारी की ताल ठोक रहे हैं। बता दें, नगर पालिका बागबाहरा में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस, भाजपा आम आदमी पार्टी, शिवसेना एवं नागरिक मोर्चा पार्टी के उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर रहे हैं।

ग्राम पंचायत से नगर पालिका तक का सफर : बागबाहरा नगर पालिका एक मार्च 1973 में ग्राम पंचायत से नगर पालिका के रूप में अस्तित्व में आया था। इस समय नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष के रूप के जसराज श्रीमाल रहे हैं। 1994 के जनगणना के आधार पर नगर पालिका को नगर पंचायत घोषित कर दिया गया। इस नगर पंचायत में सन 1995 में आरक्षण पर जुगराज बघेल निर्वाचित अध्यक्ष बने थे। वर्ष 2014 में पुनः बागबाहरा नगर पंचायत को बागबाहरा नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ। नगर पंचायत के समय एक दशक तक भाजपा का कब्जा शहर के सत्ता पर रहा वही नगर पालिका बनने के बाद 2 पंचवर्षीय काल तक कांग्रेस का कब्जा है।

कांग्रेस से उम्मीदवार

हीरा सेतराम बघेल (निवृत्तमान नपा अध्यक्ष), खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल (निवृत्तमान पार्षद वार्ड 11), दुर्गा सागर जिला (जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस), उर्मिला ताराचंद सोनवानी (जिलामहासचिव महिला कांग्रेस) है दिनेश मोगरे (जुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष)।

भाजपा से उम्मीदवार

महेश हरपाल (युवा पत्रकार एवं समाज सेवक), शंकर तांडी (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), नंदू सोनी (पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 14 एवं जिला अध्यक्ष घासी घसिया समाज), सत्तू तांडी (मंडल महामंत्री एवंअधिवक्ता), अनीता अजीत तांडी (2 बार की निवृत्तमान पार्षद वार्ड क्रमांक 15), संतोष सोनवानी।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स 170 अंक मजबूत हुआ निफ्टी 23200 के करीब

नई दिल्ली। मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सूचकांक 169.62 (0.22 प्रतिशत) अंक मजबूत होकर 76,499.63 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 90.10 (0.39 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 23,176.05 पर पहुंच गया। इस दौरान अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में चार प्रतिशत का उछाल आया, जबकि टाटा स्टील के शेयर 3 प्रतिशत तक मजबूत हुए। घरेलू शेयर बाजार में पिछले चार दिनों की गिरावट के बाद मंगलवार को बढ़त दिखी और प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 169.62 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 505.6 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर 76,835.61 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 90.10 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 23,176.05 पर पहुंच गया।

पोंजी स्कैम मामले में ईडी ने दर्ज की ईसीआईआर

नई दिल्ली। ईडी ने टोरेस पोंजी स्कीम मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। ईडी के अनुसार इस मामले में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। दूसरी ओर, डॉयचे बैंक ने फरवरी में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में 0.25त्न की कटौती करने का अनुमान जताया है। ईडी ने टोरेस पोंजी स्कीम मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। ईडी के अनुसार इस मामले में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं, जहां निवेशकों को उच्च रिटर्न के वादे के साथ लुभाया गया। लेकिन बाद में इस योजना की धोखाधड़ी का पता चला। एक जर्मन ब्रोकरेज ने मंगलवार को कहा कि आरबीआई को फरवरी में अगली नीति समीक्षा में प्रमुख दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ दर कटौती चक्र शुरू करनी चाहिए। डॉयचे बैंक (डीबी) के विश्लेषकों ने कहा कि ब्याज दरों में कटौती में देरी से विकास पर और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्रवाई में देरी की गई तो आरबीआई के पिछड़ जाने का खतरा है। उन्होंने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि आरबीआई फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, जिससे पहली छमाही में रेपो दर 6 प्रतिशत पर आ जाएगी।÷ इसने कहा कि भारत में मौद्रिक संचरण कम से कम तीन तिमाहियों के अंतराल के साथ काम करता है। इसलिए, यह आरबीआई द्वारा फरवरी से दरों में कटौती शुरू करने के लिए उचित लगता है। बैंक ने ब्याज दरों में कटौती में देरी न करने की अपील की है।

आईटीसी चेयरमैन ने बोले लचीलापन व कर्मचारियों का सशक्तिकरण जरूरी

नई दिल्ली। 90 घंटे के कार्य सप्ताह विवाद पर टिप्पणी करते हुए आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा कि कर्मचारियों के लिए काम के घंटों की संख्या की तुलना में कंपनी के व्यापक विजन के साथ जुड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। पुरी की यह टिप्पणी भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन की ओर से सोशल मीडिया पर दिए गए उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कर्मचारियों को घर पर बैठने के बजाय रविवार सहित सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। 90 घंटे के कार्य सप्ताह विवाद पर टिप्पणी करते हुए आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा कि कर्मचारियों के लिए काम के घंटों की संख्या की तुलना में कंपनी के व्यापक विजन के साथ जुड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, यदि आप किसी राजमिस्त्री से पूछें कि वह क्या कर रहा है।

सोने की कीमतों में लगातार पांचवें सत्र में तेजी देखने को मिली

सोना 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में सोमवार को लगातार पांचवें सत्र में तेजी देखने को मिली। आज सोने का भाव 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। शुक्रवार को सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में लगातार पांचवें सत्र में तेजी देखने को मिली।

आज सोने का भाव 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। शुक्रवार को सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सोने की कीमतों में 1,660 रुपये या 2.1 प्रतिशत की तेजी आई और यह 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 110 रुपये बढ़कर 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपया कमजोर होकर 86.61 पर पहुंच गया, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रूस पर लगाए गए नए प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। जिससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया। सोमवार को रुपया करीब दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया 58 पैसे की गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। त्रिवेदी ने कहा, रुपये में गिरावट से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला, जिससे वैश्विक संकेतों का असर बढ़ा। हालांकि, सोमवार को चांदी लगातार दूसरे सत्र में 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स सोना वायदा 10.70 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,704.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''पिछले सप्ताह 1.95 प्रतिशत की बढ़त के बाद हाजिर सोने की कीमतें स्थिर हैं। मुद्रास्फीति की आशंकाओं के कारण कीमतों में उछाल आया है।

देशभर से फार्मा सेक्टर से जुड़ी मैन्युफैक्चर कंपनियां, मार्केटिंग कंपनियां और इस बिजनेस से जुड़े लोग शामिल होंगे

छत्तीसगढ़ के रायपुर में मई 2025 में होगा 13वां फार्मा फेयर, इंडियन फार्मा फेयर का ऐलान

रायपुर। इंडियन फार्मा फेयर ने ऐलान किया है कि 13वां फार्मा फेयर अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मई 2025 में होगा। इसमें देशभर से फार्मा सेक्टर से जुड़ी मैन्युफैक्चर कंपनियां, मार्केटिंग कंपनियां और इस बिजनेस से जुड़े लोग शामिल होंगे। इस फेयर के दौरान वे अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए बी टू बी यानि बिजनेस टू बिजनेस समझौते कर सकेंगे। इंडियन फार्मा फेयर के निदेशक बी.एस. भंडारी ने बताया कि रायपुर में होने वाले 13 वें फार्मा फेयर के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस फेयर को विशाल स्तर पर किया जाएगा। इस आयोजन की तारीखों का ऐलान बहुत जल्द कर दिया जाएगा। इस फेयर में हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, जम्मू कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत विदेशी कंपनियों के भी शामिल होने की

सहमति दी है। उन्होंने बताया कि हाल ही 10-11 जनवरी को राजस्थान की राजधानी जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित ऐंटरटेनमेंट पैराडाइज में इंडियन फार्मा फेयर का 12वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन को राजस्थान केमिस्ट एलायंस का समर्थन प्राप्त हुआ। समापन समारोह में राजस्थान के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास रहे। भंडारी ने बताया कि इस आयोजन में फार्मास्युटिकल उद्योग की 70 से अधिक प्रमुख विनिर्माण और विपणन कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने अपने नवीनतम उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी फार्मा उद्योग के लिए व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और नए अवसर प्रदान करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुई।

नेक्सकेम बायोटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र सिंह चौधरी ने इंडियन फार्मा फेयर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह फेयर भारत में फार्मा उद्योग के विकास को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हो रहा है। प्रदर्शनी में जोधपुर के फार्मा एतंरप्रन्योर डॉ. अशोक गौड़ ने भी भाग लिया। डॉ. गौड़ ने कहा, इंडियन फार्मा फेयर न केवल फार्मा कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए नए अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करता है। डॉ. गौड़ ने फार्मा फेयर को व्यापार वृद्धि और नेटवर्किंग का एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने आयोजन समिति, विशेषकर देवेंद्र सिंह चौधरी और बी.एस. भंडारी, का आभार व्यक्त किया।

विदेशी निर्भरता कम करने की कवायद का फायदा

अप्रैल से अक्टूबर 2024 में कोयले का आयात 3.1 कम हुआ

नई दिल्ली। विदेशी कोयले पर निर्भरता घटाने और घरेलू कोयले का उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों से अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 के दौरान देश के कोयला आयत में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई।

कोयला मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल उक्त अवधि के दौरान 15.4 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया था, जबकि इस वर्ष 14.3 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया। भारत का कोयला आयात वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले सात महीनों में 3.1त्न तक कम हो गया। विदेशी कोयले पर निर्भरता घटाने और घरेलू कोयले का उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों से अप्रैल 2024 से अक्तूबर 2024 के दौरान देश के कोयला आयत में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई। कोयला मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल उक्त अवधि के दौरान 15.4 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया था, जबकि इस वर्ष 14.3 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया।कोयले के आयात में गिरावट भारत की ऊर्जा सुरक्षा की खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के थर्मल कोयले की बढ़ती मांग के मद्देनजर, जिनकी देश में कमी बनी हुई है। आयात में इस कमी के बावजूद, भारत में कोयला आधारित बिजली उत्पादन में अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक 3.87 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इस अवधि में एक महत्वपूर्ण विकास थर्मल पावर प्लांट के आयात में 19.5 प्रतिशत की तीव्र कमी गाई। यह कोयला उत्पादन में अधिक आत्मनिर्भरता के लिए भारत के प्रयास की सफलता का संकेत है।

एक डॉलर की कीमत 86 के पार पहुंची

दिल्ली। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद से ही डॉलर लगातार मजबूती के नए आयाम गढ़ रहा है। आलम यह है कि मौजूदा समय में डॉलर इतना ताकतवर हो चुका है कि दुनिया की हर बड़ी मुद्रा के मुकाबले इसका एक्सचेंज रेट यानी इसकी खरीद की दर तेजी से बढ़ी है। 1 डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 86 के पार पहुंच गई। अब अगर विदेश से किसी चीज का आयात किया जा रहा है तो आमतौर पर जिस भी देश से वह चीज मंगाई जा रही है, उसे भुगतान रुपये में नहीं बल्कि उस देश की मुद्रा या डॉलर में किए जाने का चलन है। एक तरह से देखें तो अमेरिकी डॉलर एक केंद्रीय मुद्रा है, जिसके जरिए बाकी देशों को भुगतान करने का चलन है।

इसके अलावा ब्रिटेन से मंगाए उत्पादों का भुगतान पाउंड में, यूरोप के किसी भी देश से मंगाए गए उत्पादों का भुगतान यूरो में करने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसी तरह चीन को किसी उत्पाद के लिए भुगतान उसकी मुद्रा येन या फिर डॉलर में किया जा सकता है। अब अगर किसी उपभोक्ता को किसी विदेशी उत्पाद की जरूरत है तो इसके लिए वह सीधा रुपये से भुगतान कर उत्पाद हासिल नहीं कर सकता।

नियम के तहत उसे संबंधित देश से उत्पाद खरीदने के लिए उसकी मुद्रा या डॉलर में ही भुगतान करना होगा। इसके लिए उपभोक्ता को पहले अपनी घरेलू मुद्रा (भारत के मामले में भारतीय रुपया) से उस मुद्रा को खरीदना होगा, जो कि दूसरे देश के विक्रेता के सामने मान्य है। उत्पाद को खरीदने के लिए रुपया खर्च कर वह जो विदेशी मुद्रा जुटाएगा, उसी से उपभोक्ता जरूरत का उत्पाद हासिल कर सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि किसी दूसरे देश की मुद्रा को खरीदने के लिए उपभोक्ता को जितनी घरेलू मुद्रा (भारतीय रुपया) खर्च करनी पड़ेगी, वही एक्सचेंज रेट यानी विनिमय दर होगी।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 प्रतिशत बढ़कर 16.90 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली। भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष के 1 अप्रैल 2024 से 12 जनवरी 2025 के बीच 16.90 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 15.88 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा संकलित किए गए ताजा आंकड़ों से मिली।

समीक्षा अवधि के दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.94 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 17.21 लाख करोड़ रुपये था। इस अवधि के दौरान व्यक्तिगत आयकर संग्रह पिछले वित्त वर्ष के 7.2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 8.74 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कॉर्पोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 7.10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.12 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) संग्रह, जो प्रत्यक्ष कर का एक घटक है, इस अवधि के दौरान 75 प्रतिशत बढ़कर 44,500 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 25,415 करोड़ रुपये था। आंकड़ों में बताया गया कि समीक्षा अवधि में 3.74 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 42.5 प्रतिशत ज्यादा है। कर संग्रह में उछाल एक मजबूत व्यापक आर्थिक वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।यह राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में भी मदद करता है। कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना पड़ता है, जिससे बड़ी कंपनियों के लिए बैंकिंग प्रणाली में उधार लेने और निवेश करने के लिए अधिक पैसा बचता है। इससे आर्थिक विकास दर में वृद्धि होती है और अधिक नौकरियों का सृजन होता है।

इसके अलावा, कम राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति दर को नियंत्रित रखता है, जो अर्थव्यवस्था के आधार को मजबूत करता है और स्थिरता के साथ विकास सुनिश्चित करता है। सरकार का लक्ष्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजकोषीय समेकन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 2023-24 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.6 प्रतिशत से चालू वित्त वर्ष में 4.9 प्रतिशत तक लाना है।

खेल

रोहित शर्मा वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 23 जनवरी से शुरू होने वाले 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले प्रशिक्षण सत्रों के लिए मुंबई की टीम में शामिल हो गए हैं। टीम ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में दो घंटे का सेंटर-विकेट अभ्यास सत्र आयोजित किया और जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अपने छठे दौर के घरेलू मैच की तैयारी के लिए पूरे सप्ताह प्रशिक्षण जारी रखने के लिए तैयार है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में भारत की 1-3 की हार में बल्ले से संघर्ष किया था। भारत न केवल एक दशक में पहली बार ट्रॉफी बरकरार रखने में विफल रहा, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में लगातार तीसरी बार स्थान बनाना भी गंवा दिया। रोहित, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रृंखला का पहला टेस्ट चूक गए थे, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें टेस्ट में आराम करने का विकल्प चुनने से पहले पांच पारियों में 10 रन से अधिक स्कोर करने में विफल रहे। उन्होंने सीरीज में केवल 31 रन बनाए और अपने खराब प्रदर्शन के कारण सार्वजनिक जांच के दायरे में आए। मुंबई के आगामी रणजी मैच में रोहित की भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है। हालांकि, मुख्य कोच ओमकार साल्वी के परामर्श से टीम के साथ प्रशिक्षण लेने का उनका निर्णय, कम से कम दो शेष मैचों में से एक के लिए संभावित उपलब्धता का संकेत देता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा

इस सप्ताह के अंत में टीम की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड ने भी सलामी बल्लेबाज को लाल गेंद वाले क्रिकेट में फॉर्म में लौटने के लिए घरेलू मैच खेलने की सलाह दी। लाड ने से कहा था,मुझे लगता है कि रोहित के केवल दो लक्ष्य हैं - पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना और दूसरा वनडे विश्व कप जीतना। अगर वह चाहते तो उन्हें सभी प्रारूपों (टी20 विश्व कप खिताब के बाद) से संन्यास ले लेना चाहिए था, लेकिन उन्होंने केवल टी20 क्रिकेट से संन्यास लिया। वह एकमात्र क्रिकेटर नहीं हैं जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्हें टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए एक या दो घरेलू मैच खेलने चाहिए।

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ने कहा, टी20 क्रिकेट की वजह से बल्लेबाजों की मानसिकता बदल गई है। वह तकनीकी रूप से मजबूत क्रिकेटर है और पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ उसने अच्छे रन बनाए थे। अगर हम जीतते हैं, तो लोग रोहित को सर्वश्रेष्ठ कप्तान कहते हैं, लेकिन जब हम हारते हैं तो लोग कहते हैं कि उसे कप्तानी नहीं आती।एससीजी टेस्ट के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट खिलाड़ियों के घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भाग लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रोहित और विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर अटकलें लगाने से भी परहेज किया, क्योंकि हाल के दिनों में विराट कोहली भी अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।जब उनसे लाल गेंद वाले क्रिकेट में टीम के लिए दीर्घकालिक रोडमैप के बारे में पूछा गया और क्या युवाओं में निवेश करने का समय आ गया है, तो गंभीर ने कहा, देखिए, इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी। सीरीज अभी खत्म हुई है।

नीतीश ने भक्ति में छोड़ा कोहली को भी पीछे तिरुमाला पहुंचने घुटनों के बल सीढ़ियां चढ़े

नईदिल्ली। टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा भले ही अच्छा ना रहा हो, लेकिन इस दौरे पर भारत को कुछ पॉजिटिव चीजें देखने को मिलीं, जिसमें नीतीश रेड्डी का नाम शामिल है। ऑस्ट्रेलिया में उनके अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए बीसीसीआई ने उन्हें अपकमिंग इंग्लैंड टी-20 टीम में शामिल किया है। मगर, इससे पहले भारतीय स्टार नीतीश तिरुपति में दर्शन के लिए पहुंचे, जहां वह भक्ति में लीन दिखे. भारतीय क्रिकेटर नीतीश कुमार रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले गए मेलबर्न टेस्ट मैच में कमाल की शतकीय पारी खेली थी। भले ही वह वहां भारत को जीत ना दिला पाएं हो, लेकिन उन्होंने शर्मनाक हार से बचा लिया था. अब वह भारत लौट आए हैं और इंग्लैंड के साथ खेली जाने वाली 5 मैचों की टी-20 सीरीज के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच नीतीश तिरुपति मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। मगर, इसमें खास बात

ये रही की नीतीश कुमार रेड्डी ने मंदिर की सीढ़ियों को घुटने के बल चढ़े। जी हां, इस वक्त सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह घुटनों के बल तिरुपति मंदिर की सीढ़िया चढ़ रहे हैं। फैंस को उनकी ये भक्ति भाव काफी पसंद आ रहा है और सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल हो रहा है। भारतीय युवा बल्लेबाज नितीश कुमार रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट मैच में शतक लगाया था। उन्होंने 114 रन की शतकीय पारी खेली थी। वह कई मौकों पर अर्धशतक के करीब पहुंचे थे,लेकिन पूरा नहीं कर पाए थे। उन्होंने 298 रन बनाए और वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 5वें नंबर पर रहे। ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन के बाद नीतीश कुमार रेड्डी को इंग्लैंड सीरीज के लिए चुनी गई टी-20 टीम में चुना गया है। नीतीश अपकमिंग इंग्लैंड टी-20 सीरीज की टीम में तो शामिल हैं और उन्हें डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।

पैसा डबल करने का झांसा देकर 11 लाख रुपए की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 11 लाख 57 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशन प्रसाद धीवर सिंचाई कालोनी लालपुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 90226-84574 से वॉटसअप मैसेज किया और शेयर मार्केट में पैसा लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर प्रार्थी से अपने खाते में 11 लाख 57 हजार रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हुक्का पिलाते 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टकिरापारा और माना क्षेत्र स्थित रेस्टोरेंट में पुलिस ने दबिश देकर भारी मात्रा में हुक्का पॉट व फ्लेवर जब्त किया है। पुलिस ने दोनों मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस को सूचना मिली कि टाटीबंध बाइपास बिलासपुर रोड में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी आरोपी पितांबर निषाद 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।



"Our Army always puts the Nation first. I salute all those great individuals who sacrificed their lives while serving the Nation. India will never forget our valiant heroes."

–Prime Minister

OUR FALLEN HEROES IN THE YEAR 2024

RANK	NAME	ARMS/SERVICES
HAVILDAR	ANIL DINKAR KALASE	CORPS OF ENGINEERS
RIFLEMAN	RAN BAHADUR SINJALI MAGAR	INFANTRY
MAJOR	PRANAY NEGI	ARTILLERY
LANCE NAIK	PARVEEN SHARMA	INFANTRY
HAVILDAR	DIPAK KUMAR YADAV	INFANTRY
SEPOY	PARWINDER SINGH	INFANTRY
LANCE NAIK	ADARSH P	ARTILLERY
RIFLEMAN	PRITAM SINGH	INFANTRY
CRAFTSMAN	PREM KUMAR CHAUDHARY	CORPS OF ENGINEERS
GUNNER	ROHIT	ARTILLERY
SEPOY	SAHAJPAL SINGH	INFANTRY
SUBEDAR	DHAGALE AJAY SHANTARAM	CORPS OF ENGINEERS
BRIGADIER	ABHIMANYU SINGH RATHORE	ARMY SERVICE CORPS
SOWAR	GAUTAM KUMAR	ARMOURED CORPS
SOWAR	CHANDAN KUMAR	ARMOURED CORPS
NAIK	JATINDER KUMAR	INFANTRY
HAVILDAR	THAKUR BAHADUR ALE	INFANTRY
HAVILDAR	ROHIT KUMAR	INFANTRY
NAIK	GOUTOM RAJBANSHI	INFANTRY
NAIK	BIRENDRA SINGH	INFANTRY
NAIK	KARAN KUMAR	ARMY SERVICE CORPS
LANCE NAIK	STANZIN TARGIAS	INFANTRY
CRAFTSMAN	PABBALLA ANIL	EME
CAPTAIN	MV PRANJAL	CORPS OF SIGNALS
CAPTAIN	SHUBHAM GUPTA	INFANTRY
HAVILDAR	ABDUL MAJID	INFANTRY
LANCE NAIK	SANJAY BISHT	INFANTRY
PARA TROOPER	SACHIN LAUR	INFANTRY
SEPOY	PURAMA GOPARAJU	INFANTRY
HAVILDAR	SUDHIR KUMAR	ARMY SERVICE CORPS
SEPOY	PARAMVIR SHARMA	CORPS OF ENGINEERS
LIEUTENANT COLONEL	KARANBIR SINGH NATT, SM	INFANTRY
MAJOR	MANOJ KUMAR	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	BHAGAT JAYSING ALIAS BABA SHANKAR	INFANTRY
CRAFTSMAN	SANDEEP KUMAR	EME
NAIK	RANU MANGAR	INFANTRY
SUBEDAR	CHHERING PHUNCHOK	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	RAM NIWAS	ARTILLERY
NAIB SUBEDAR	DEV KARAN	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	RAMESH LAL	ARTILLERY
HAVILDAR	MAHENDRA SINGH SIKARWAR	ARTILLERY
LANCE NAIK	TEJPAL	ARTILLERY
GUNNER	MAN MOHAN	ARTILLERY
GUNNER	ANKIT	ARTILLERY
GUNNER	TARANDEEP SINGH	ARTILLERY
GUNNER	BHOITE VAIBHAV SAMPAT	ARTILLERY
NAIK	NEERATI CHANDRA SEKHAR	ARTILLERY
HAVILDAR	VIJAY KUMAR	ARTILLERY

RANK	NAME	ARMS/SERVICES
NAIK	BIMAL ORAON	ARMY ORDNANCE CORPS
LANCE NAIK	NEERADI GANGA PRASAD	CORPS OF MILITARY POLICE
NAIK	BHAWANI SINGH CHOUHAN	INFANTRY
NAIK	PARDEEP KUMAR	INFANTRY
HAVILDAR	SAJJAN SINGH KHICHAR	INFANTRY
NAIK	TAWARE PANDURANG WAMAN	INFANTRY
HAVILDAR	RANJIT SINGH SIKARWAR	INFANTRY
HAVILDAR	ARUN KUMAR	INFANTRY
HAVILDAR	SAMIT MAITY	ARMY SERVICE CORPS
CAPTAIN	ANSHUMAN SINGH	ARMY MEDICAL CORPS
NAIB SUBEDAR	GOPAL RAM	ARMY AIR DEFENCE
NAIB SUBEDAR	UKLEEKAR SHANKAR BASAPPA	CORPS OF ENGINEERS
NAIB SUBEDAR	LALJI YADAV	MECHANISED INFANTRY
NAIK	PARVE KISHOR	INFANTRY
NAIK	SHASHIKANT KUMAR PANDEY	CORPS OF SIGNALS
HAVILDAR	RAJNEESH KUMAR BAJPAI	ARMY SERVICE CORPS
NAIK	SANDEEP MISHRA	ARMY MEDICAL CORPS
RIFLEMAN	KARAN SINGH	INFANTRY
SEPOY	HANUMAN RAM JAT	ARTILLERY
SEPOY	GOPAL MADDI	ARMY MEDICAL CORPS
SEPOY	SHIVKESH GURJAR	ARMY MEDICAL CORPS
SEPOY	YUDHISTHIR	ARMY MEDICAL CORPS
SEPOY	KIMENTEMSU	EME
CRAFTSMAN	MITU KALITA	EME
NAIK	RAGHVENDRA KUMAR SINGH	EME
HAVILDAR	SAROJ KUMAR DAS	EME
SEPOY	PRATHEEP R	EME
NAIK	DHANANJAY KUMAR SINGH	INFANTRY
SEPOY	CHITTUMADUGULA VASUKISHORE	ARMY ORDNANCE CORPS
RIFLEMAN	SHAILENDRA SINGH	INFANTRY
HAVILDAR	MANDLA PRASAD	INFANTRY
LANCE HAVILDAR	SUDHIR	INFANTRY
NAIK	AKBAR KHAN	CORPS OF ENGINEERS
NAIB SUBEDAR	VIPAN KUMAR	INFANTRY
SEPOY	ARVIND SINGH	INFANTRY
HAVILDAR	MANOHAR KUNKAL	INFANTRY
SOWAR	STEPHAN SANA	ARMOURED CORPS
AGNIVEER	JITENDRA SINGH	INFANTRY
LANCE HAVILDAR	KAMBLE SUYOG ASHOK	INFANTRY
AGNIVEER	GAWATE AKSHAY LAXMAN	ARTILLERY
CAPTAIN	FREEDY H MERCHANT	INFANTRY
GUARDSMAN	RAVINDER	MECHANISED INFANTRY
NAIB SUBEDAR	RAKESH KUMAR	INFANTRY
HAVILDAR	ALAM SHER KHAN	INFANTRY
HAVILDAR	SATYAM KUMAR PATHAK	ARMY SERVICE CORPS
NAIB SUBEDAR	UMMED SINGH	INFANTRY
SAPPER	SHAMSHER SINGH	CORPS OF ENGINEERS
HAVILDAR	NAVIN KUMAR	CORPS OF SIGNALS

RANK	NAME	ARMS/SERVICES
HAVILDAR	ANGREJ SINGH	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	GURMEL SINGH	INFANTRY
SAPPER	P KARTHIK KUMAR	CORPS OF ENGINEERS
NAIK	REETESH KUMAR PAL	CORPS OF ENGINEERS
RISALDAR	SHIV CHAND	ARMOURED CORPS
HAVILDAR	SINAM SOMARENDRA SINGH	CORPS OF MILITARY POLICE
HAVILDAR	DHIRENDRA SINGH YADAV	ARMY MEDICAL CORPS
SIGNALMAN	AMAR SHARMA	CORPS OF SIGNALS
SUBEDAR	SANVER MAL KHICHER	INFANTRY
SEPOY	BAMBHANIYA LALJIBHAI KARSHANBHAI	INFANTRY
SUBEDAR	NIRANJAN KUMAR CHOUDHARY	INFANTRY
NAIK	SUKHWINDER SINGH	INFANTRY
RIFLEMAN	NIKHIL SHARMA	INFANTRY
HAVILDAR	NARESH KUMAR	INFANTRY
RIFLEMAN	JASPAL KASHV	INFANTRY
HAVILDAR	SOHAN LAL	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	PRANAB MECH	INFANTRY
HAVILDAR	JOGINDER SINGH	INFANTRY
HAVILDAR	HARKA BAHADUR RANA	INFANTRY
LIEUTENANT	NIDESH SINGH YADAV	INFANTRY
RIFLEMAN	VISHAL CHAUHAN	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	ARVIND SINGH	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	RACHHPAL SINGH	INFANTRY
SEPOY	ABRAR AHMED	INFANTRY
NAIK	SONAM TONDUP	INFANTRY
HAVILDAR	DAYATTAR MANU BHAI BHOJA BHAI	INFANTRY
GUNNER	SUDHANSHU KUMAR	ARTILLERY
HAVILDAR	MOHITE SANDIP BHAUSAHEB	CORPS OF ENGINEERS
AGNIVEER	AJAY KUMAR	INFANTRY
LANCE NAIK	PARDEEP KUMAR	INFANTRY
NAIB SUBEDAR	ANAND SINGH	INFANTRY
RIFLEMAN	ADARSH NEGI	INFANTRY
RIFLEMAN	ANUJ NEGI	INFANTRY
NAIK	VINOD SINGH	INFANTRY
HAVILDAR	KAMAL SINGH	INFANTRY
LANCE NAIK	SUBHASH KUMAR	INFANTRY
SEPOY	JANJAL PRAVIN PRABHAKAR	INFANTRY
CAPTAIN	BRIJESH THAPA	ARMY AIR DEFENCE
NAIK	DOKKARI RAJESH	ARMY AIR DEFENCE
SEPOY	BIJENDRA	INFANTRY
SEPOY	AJAY KUAMR SINGH	INFANTRY
GUNNER	GURPREET SINGH	ARTILLERY
MAJOR	M PRITAM SINGH	INFANTRY
NAIK	DILWAR KHAN	ARTILLERY
CAPTAIN	DEEPAK SINGH	CORPS OF SIGNALS
RIFLEMAN	MOHIT RATHOUR	INFANTRY

CBC 10127/13/0005/2425

Visit us at www.indianarmy.nic.in | www.facebook.com/Indianarmy.adgpi | www.x.com/adgpi | adgpi-Indianarmy | @Indianarmy.adgpi

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999